शनिवार, 19 जुलाई 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 84% |
| सूर्योदय: 5:02 | सूर्यास्त: 18:23 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 501 अंक लुढ़का, निफ्टी 25,000 के नीचे उतरा पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सच के साथ जरूर चलिए एक दिन वक्त आपके साथ चलेगा।

### मोदी का ममता सरकार पर हमला, कहा

# बंगाली अस्मिता पर खतरा, घुसपैठ बढ़ा रही टीएमसी

- महिलाएं असुरक्षित, आरोपियों को बचा रही हैं तृणमूल सरकार
- बंगाल में 'गुंडा टैक्स' और घुसपैठ का बोलबाला, निवेशक डरे हुए
- भाजपा ही लाएगी असली 'पोरिबोर्तन', बंगाल बनेगा औद्योगिक हब





**मोदी की चेतावनी- अवैध घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई होगी, कानून काम करेगा**

**प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में करीब 5400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया**

**दुर्गापुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए, उस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ को बढ़ावा देकर बंगाली अस्मिता और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया और कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति की ''सारी हद पार कर दी है। मोदी ने राज्य में तेल एवं गैस, बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों में 5,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने भाजपा को नये बंगाल का अग्रदूत बताया और कहा, ''भाजपा के पश्चिम बंगाल के लिए बड़े सपने हैं। हम एक समृद्ध, विकसित बंगाल का निर्माण करना चाहते हैं। यहां शुरू की जा रही सभी परियोजनाएं उस सपने की दिशा में एक कदम है। तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में बंगाल के आर्थिक माहौल की तीखी आलोचना करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य उद्योग और निवेशकों के लिए अनुपयुक्त हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''तृणमूल कांग्रेस का 'गुंडा टैक्स' बंगाल में निवेश को रोक रहा है। राज्य के संसाधन माफिया के हाथों में चले गए हैं और सरकारी नीतियां मंत्रियों को भ्रष्टाचार में लिप्त करने के लिए तैयार की गई हैं।'' दुर्गापुर में एक जनसभा में मोदी ने भाजपा को एकमात्र ऐसी पार्टी बताया, जो बंगाली अस्मिता का वास्तव में सम्मान और रक्षा करती है। उन्होंने ''झूठ, अराजकता और लूट'' के शासन का अंत करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''तृणमूल कांग्रेस ने अपने निहित स्वार्थों के कारण पश्चिम बंगाल की अस्मिता को दांव पर लगा दिया है। वोट बैंक की राजनीति के लिए यहां घुसपैठ को बढ़ावा दिया जा रहा है। घुसपैठियों की मदद करने के लिए एक पूरा माहौल तैयार किया गया है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाल की सुरक्षा व अस्मिता, दोनों के लिए खतरा है।'' प्रधानमंत्री ने राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर ''संवैधानिक संस्थाओं को खुलेआम चुनौती देने'' और ''अवैध प्रवासियों का बचाव करने'' का आरोप लगाया। भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीड़न पर बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच, मोदी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर पलटवार करते हुए कहा, ''बंगाल की गरिमा और भविष्य के लिए वास्तविक खतरा बाहर से नहीं, बल्कि अंदर से है, जो एक ऐसी राज्य सरकार से है, जो झूठ, अराजकता और लूट के बूते फल-फूल रही है।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा के लिए बंगाली अस्मिता सर्वोपरि है। जिस राज्य में भी भाजपा की सरकार है, बंगालियों का सम्मान किया जाता है।'' मोदी ने कहा, ''हम बंगाली अस्मिता के खिलाफ इस साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जो वास्तव में इसका सम्मान करती है।'' प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत ''मां काली'' और ''मां दुर्गा'' की स्तुति से की, जिनकी बंगाल में मुख्य रूप से पूजा की जाती है। ममता बनर्जी नीत सरकार पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि टीएमसी की तुष्टिकरण की राजनीति ''सारी हद पार कर गई है।'' उन्होंने कहा, ''वे अब घुसपैठियों को बचाने को आमादा हैं। टीएमसी का भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण युवाओं का बंगाल से पलायन करा रहा है।'' उन्होंने घुसपैठ पर स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, ''टीएमसी घुसपैठियों की मदद कर रही है। मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग भारत के नागरिक नहीं हैं और अवैध रूप से प्रवेश कर गए हैं, उनके प्रति कानून संविधान के अनुसार अपना काम करेगा।'' प्रधानमंत्री ने टीएमसी, वाम दलों और कांग्रेस पर दशकों से बंगाली गौरव की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, ''टीएमसी का 'गुंडा टैक्स' बंगाल में निवेश को रोक रहा है। राज्य के संसाधन माफिया के हाथों में चले गए हैं और सरकारी नीतियां जानबूझकर मंत्रियों को भ्रष्टाचार में लिप्त करने के लिए बनाई गई हैं।'' मोदी ने कहा, ''जहां मुर्शिदाबाद जैसे दंगे होते हैं और पुलिस पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करती है, वहां निवेशक क्यों आएंगे? जहां छोटी-छोटी बातों पर हिंसा भड़क जाती है, वहां भला कोई निवेश क्यों करेगा?'' वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में अप्रैल में मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में हिंसक झड़पें हुई थीं। सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम तीन लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए। मोदी ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए आग्रह किया, ''मैं युवाओं को आश्वस्त करना चाहता हूं कि बंगाल की मौजूदा समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। नयी सरकार बनने पर, राज्य देश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र बन सकता है। एक बार भाजपा को मौका दीजिए - ऐसी सरकार चुनिए जो कर्मठ, ईमानदार और मजबूत हो।'' मोदी ने कहा, ''मां, माटी, मानुष की बात करने वाली पार्टी अब अपने शासन में बेटियों के साथ अन्याय करके लोगों में गुस्सा और आक्रोश पैदा कर रही है।'' पिछले साल आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना और हाल ही में एक कॉलेज परिसर में कानून की छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''बंगाल में अस्पताल भी सुरक्षित नहीं हैं। जब एक डॉक्टर पर अत्याचार हुआ, तो टीएमसी सरकार आरोपियों को बचाने के लिए आतुर हो गई। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि राज्य संभलता, एक कॉलेज से अत्याचार की खबर आई तथा एक बार फिर, आरोपियों का संबंध सत्तारूढ़ दल से था। मोदी ने कहा, ''विकसित बंगाल मोदी की गारंटी है। विकसित बंगाल भाजपा का संकल्प है। टीएमसी के सत्ता से बेदखल होते ही बंगाल में 'असोल पोरिबोर्तन' (असली बदलाव) आएगा।

# 21 जुलाई की तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली को लेकर हाईकोर्ट की सख्ती

- सुबह 9 से 11 बजे तक नहीं निकलेगा कोई जुलूस, ट्रैफिक व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए



**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस को 21 जुलाई को शहीद दिवस मनाने की सशर्त अनुमति दे दी है। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी जुलूस सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच नहीं निकलेगा, और सभी जुलूसों को सुबह 8 बजे तक सभा स्थल पर पहुंच जाना होगा। साथ ही, हाईकोर्ट और उत्तर कोलकाता के किसी भी सरकारी कार्यालय के 5 किलोमीटर के भीतर यातायात में कोई रुकावट नहीं आनी चाहिए।

न्यायमूर्ति तीरथंकर घोष ने कहा कि कोलकाता की पूरी यातायात व्यवस्था को सामान्य रखना कोलकाता पुलिस की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने सभा की अनुमति को लेकर कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन शहरवासियों की असुविधा पर चिंता जाहिर की। उन्होंने सख्त लहजे में पूछा, आम लोग आखिर कब तक सहन करेंगे? राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) किशोर दत्ता ने दलील दी कि सभा की अनुमति सभी नियमों का पालन करते हुए ली गई है। उन्होंने तर्क दिया कि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान भी इसी तरह के ट्रैफिक प्रतिबंध लगाए जाते हैं। साथ ही यह भी कहा कि यह सभा पिछले 30 वर्षों से आयोजित होती आ रही है।

हालांकि, अदालत इससे संतुष्ट नहीं हुई। न्यायमूर्ति घोष ने तीखा सवाल पूछा, क्या कोलकाता के पुलिस आयुक्त यह लिखकर देंगे कि कहीं भी कोई ट्रैफिक जाम नहीं होगा? जनता को कितना सहन करना पड़ेगा, इस पर भी सोचना होगा।

याचिकाकर्ता शमीम अहमद की ओर से अदालत में एक शपथपत्र दायर किया गया, जिसमें कहा गया कि 16 जुलाई को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कॉलेज स्क्वायर से डलहौज़ी क्रॉसिंग तक निकाले गए जुलूस के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई थी। ट्रैफिक पुलिस ने कई वाहनों को डायवर्ट कर दिया था और केसी दास से विक्टोरिया हाउस तक धारा 144 लागू की गई थी, जहां किसी प्रकार की सभा या मेला की अनुमति नहीं थी। शपथपत्र में यह भी बताया गया कि पार्क सर्कस क्षेत्र के स्कूलों और घाट (फेरी सर्विस) में छुट्टी घोषित कर दी गई थी। इस पर अदालत ने सवाल किया कि क्या 21 जुलाई की रैली के लिए विधिवत अनुमति ली गई थी, जिस पर सरकारी वकील ने बताया कि अनुमति ली गई है। महाधिवक्ता ने याचिकाकर्ता संगठन की वैधानिकता (कानूनी स्थिति) पर भी सवाल उठाए और यह मुद्दा भी बहस का विषय बन गया। अदालत ने जानना चाहा कि रैली में अनुमानित भीड़ कितनी होगी, वाहन, ट्राम और बसें कहां से चलेंगी और उनका मार्ग क्या होगा। न्यायमूर्ति ने टिप्पणी की, अगर 10 लाख लोग जुटते हैं तो उत्तर कोलकाता पूरी तरह ठप हो जाएगा। उन्होंने कहा, हम किसी सभा को प्रतिबंधित करने के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन आम जनता को यह जानने का अधिकार है कि वे उस दिन अपने गंतव्य तक कैसे पहुँचेंगे। अंत में, अदालत ने चेतावनी दी कि यदि कहीं भी यातायात की वजह से लोगों को परेशानी होती है तो उसका उत्तरदायित्व संबंधित अधिकारियों को उठाना होगा। न्यायमूर्ति ने कहा कि धर्मतला क्षेत्र को बैरिकेड्स से घेर दिया गया है, और व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

# ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे को शराब 'घोटाला' मामले में गिरफ्तार किया, पांच दिन की हिरासत में भेजे गए



**रायपुर :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। दुर्ग जिले के भिलाई शहर में चैतन्य बघेल के घर पर छापेमारी के बाद उनको धन शोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया। पिता-पुत्र दोनों एक ही जगह रहते हैं। घर के बाहर भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे। कुछ पार्टी समर्थक भी वहां जमा थे। भूपेश बघेल ने कहा कि आज चैतन्य का जन्मदिन है। सूत्रों के अनुसार, एक विशेष पीएमएलए (पीएमएलए) अदालत ने चैतन्य को पांच दिन की ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) हिरासत में भेज दिया है। सूत्रों ने बताया कि चैतन्य बघेल को धन शोधन रोधी अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया क्योंकि मामले में नये सबूत मिलने के बाद की गई छापेमारी के दौरान वह कथित तौर पर सहयोग नहीं कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि चैतन्य बघेल से कथित रूप से जुड़ी कंपनियों को कथित शराब घोटाले से अर्जित लगभग 17 करोड़ रुपये की अपराध आय प्राप्त हुई।'' सूत्रों के अनुसार, लगभग 1,070 करोड़ रुपये की धनराशि के साथ ही चैतन्य बघेल की भूमिका भी एजेंसी की जांच के दायरे में है। ईडी ने दावा किया है कि घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों की जेबों में 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम गई।

# संसद के मानसून सत्र से पहले राजनाथ, शाह और अन्य मंत्रियों ने की बैठक



**नयी दिल्ली :** संसद के 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, जे पी नड्डा और किरेन रीजीजू सहित कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। रविवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक से ठीक पहले रक्षा मंत्री के आवास पर इस बैठक का आयोजन किया गया। माना जा रहा है कि मंत्रियों ने प्रासंगिक मुद्दों पर सरकार के रुख पर रणनीति बनाई, जबकि विपक्ष बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम हमला और 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित कई मुद्दों को संसद के मानसून सत्र में उठाने की तैयारियों में जुटा है। हालांकि, बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह मानसून सत्र से संबंधित थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री शाह, स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू के अलावा, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी पीयूष गोयल और जी किशन रेड्डी भी इस बैठक में शामिल हुए। विपक्ष संसद में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे प्रमुख विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि एसआईआर, जिसे अन्य राज्यों में भी लागू किए जाने की संभावना है, भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए है। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर प्रहार करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच ''संघर्ष विराम'' में मध्यस्थता करने संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का भी सहारा लिया है। हालांकि, सरकार ने ट्रंप के दावे को खारिज कर दिया है, लेकिन विपक्ष चर्चा कराने की मांग पर अड़ा हुआ है और इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग करता रहा है।

## अमेरिका ने पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**भारत ने अमेरिका के फैसले का स्वागत किया**


**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है जिसने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी ली थी। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। बयान में विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यह कार्रवाई पहलगाम हमला मामले में न्याय संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर अमल की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अमेरिका के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि इससे पता चलता है कि भारत-अमेरिका आतंकवाद-रोधी सहयोग कितना मजबूत है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## बांग्लादेश ने भारत के 34 मछुआरों को पकड़ा

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश ने अपने जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 34 मछुआरों को गिरफ्तार किया जबकि भारत सरकार उनकी सुरक्षित और शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए ढाका पर दबाव बना रही है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मछुआरों को 14 और 15 जुलाई की मध्यरात्रि को गिरफ्तार किया गया और मछली पकड़ने वाली उनको दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया है।

# महिलाओं को रूढिवादी रीति-रिवाजों और परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए: भागवत



**पुणे :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है और उन्हें (महिलाओं को) रूढिवादी रीति-रिवाजों एवं परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के सोलापुर में गैर-लाभकारी संगठन उद्योगवर्धनी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, एक पुरुष अपनी मृत्यु तक काम करता है। एक महिला भी अंत तक काम करती है, लेकिन उससे भी आगे वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती है। एक महिला के प्यार और स्नेह के तले बच्चे बढ़ते और परिपक्व होते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ईश्वर ने महिलाओं को कुछ अतिरिक्त गुण दिए हैं, जिससे वे वह काम कर सकती हैं, जो पुरुष नहीं कर सकते। साथ ही, ईश्वर ने महिलाओं को वे सभी गुण दिए हैं, जो उन्होंने पुरुषों को दिए हैं, जिसके कारण वे वह सब कुछ कर सकती हैं, जो पुरुष कर सकते हैं। भागवत ने कहा कि इसलिए पुरुषों का यह दावा करना मूर्खता है कि वे महिलाओं का उत्थान करेंगे। उन्होंने कहा, इस तरह के अहंकार का कोई आधार नहीं है। महिलाओं को वह करने दें, जो वे करना चाहती हैं। बस उन्हें सशक्त बनाएं और उन्हें रूढिवादी रीति-रिवाजों एवं परंपराओं से मुक्त करें। जब एक महिला खुद का उत्थान करती है, तो वह पूरे समाज को ऊपर उठाती है।

# 'इंडिया' गठबंधन की आज ऑनलाइन बैठक, संसद के लिए साझा रणनीति और राजनीतिक हालात पर होगी चर्चा

**नयी दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों की शनिवार को ऑनलाइन बैठक होगी, जिसमें संसद के मानसून सत्र में सरकार को घेरने की साझा रणनीति और देश के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक से एक दिन पहले, आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के हमलावरों के अब तक न्याय के कठघरे से बाहर रहने, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कुछ रक्षा अधिकारियों के खुलासे, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावे और चीन के विषय पर कम से कम दो दिनों की चर्चा होनी चाहिए तथा इस मांग को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता।

### आम आदमी पार्टी अब 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा नहीं

आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार शाम 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की डिजिटल माध्यम से होने वाली बैठक से एक दिन पहले यह टिप्पणी की।

# देश में सामान्य से नौ प्रतिशत अधिक बारिश: आईएमडी

**नयी दिल्ली :** भारत में इस मानसून ऋतु में अब तक सामान्य से नौ प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है, लेकिन यह पूरे देश में समान रूप से नहीं हुई है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड, राजस्थान और लद्दाख जैसे कुछ राज्यों में सामान्य से कहीं अधिक बारिश हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, एक जून से 16 जुलाई के बीच देश में 331.9 मिमी बारिश हुई, जो इस अवधि की सामान्य वर्षा 304.2 मिमी से लगभग नौ प्रतिशत अधिक है, लेकिन यह औसत बड़े पैमाने पर क्षेत्रीय विभिन्नता को इंगित नहीं करता। आईएमडी के मुताबिक, झारखंड में सामान्य से 71 प्रतिशत अधिक बारिश हुई, यहां सामान्यतः 348.9 मिमी बारिश होती है, जबकि यहां अबतक 595.8 मिमी बारिश हुई है। राजस्थान में भी सामान्य से 116 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। इस पश्चिमी राज्य में आमतौर पर इस अवधि में 125.6 मिमी बारिश होती है, जबकि यहां 271.9 मिमी बारिश हुई है। आंकड़ों के मुताबिक लद्दाख में आमतौर पर बहुत कम बारिश होती है। यह गत डेढ़ महीने में 15.8 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्यतः आठ मिमी बारिश होती है। इस प्रकार केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य से 97 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है।



## उन्नत ड्रोन तकनीक युद्ध में निर्णायक

ऑपरेशन सिंदूर सही मायनों में भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठता का एक अद्भुत प्रदर्शन था। निस्संदेह, भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान को न केवल कड़ा जवाब दिया बल्कि नये दौर के युद्ध कौशल का सफल परीक्षण भी किया। लेकिन हम सिर्फ इससे आत्मसंतुष्ट होकर नहीं बैठ सकते। भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने दुनिया के मौजूदा परिदृश्य पर बिल्कुल सही कहा है कि आज का युद्ध कल की तकनीक से लड़ा जाना चाहिए, न कि बीते जमाने की हथियार प्रणालियों से। दरअसल, हर पल बदलती युद्ध कौशल की तकनीकों में बात बढ़त लेने की है। यह एक हकीकत है कि जो भी देश ऐसा करने में विफल रहेगा, निश्चित रूप से उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उनका कहना सही ही है कि मानवरहित हवाई वाहन यानी यूएवी आमने-सामने की लड़ाई के विपरीत गैर-संपर्क युद्ध के तेजी से विकसित होते परिदृश्य में एक बदलावकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं। ड्रोन तकनीक के लगातार विकसित होते रहने से यह एक ऐसा घातक हथियार बन चुका है, जो दुश्मन देश के प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों जैसे लक्ष्यों को तुरंत पहचानकर उन पर हमला कर सकता है। वास्तव में, भारत ऑपरेशन सिंदूर के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए गए अधिकांश ड्रोनों को मुख्य रूप से अपनी मजबूत वायु रक्षा प्रणाली के बूते ही बेअसर करने में सक्षम रहा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भविष्य के किसी युद्ध में पाकिस्तान के करीबी सहयोगी उसे बेहतर यूएवी की आपूर्ति करेंगे ताकि पाकिस्तान की स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। इस खतरे के प्रति सतर्क रहते हुए भारत के लिये जरूरी हो जाता है कि हम यूएवी और मानवरहित स्वदेशी प्रणालियों के विकास पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित करें। साथ ही इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि ये भारतीय परिस्थितियों और जरूरतों के भी अनुकूल हों। तभी हम आसन्न चुनौतियों का मुकाबला बेहतर ढंग से कर पाने में सक्षम हो सकेंगे।

इसमें दो राय नहीं कि हाल ही के दिनों में यूरोप और एशिया में जारी संघर्ष के दौरान ड्रोन व मानवरहित विमानों ने निर्णायक भूमिका निभायी है। इस दिशा में भारत पूर्वी यूरोप में ड्रोन-प्रधान संघर्ष से सबक ले सकता है। जहां यूक्रेन ने सैन्य शक्ति, तोपखाने और टैंकों के मामले में रूस की बढ़त का मुकाबला करने लिये यूएवी का भरपूर इस्तेमाल किया है। यही वजह है कि यूक्रेन की इस रणनीति ने रूस को अपना ध्यान यूएवी तकनीक पर केंद्रित करने के लिये बाध्य किया है। रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि दोनों देश प्रतिवर्ष चौंका देने वाली लाखों की दर से ड्रोन बना रहे हैं। ड्रोन उत्पादन के क्षेत्र में यूक्रेन के एक महाशक्ति के रूप में उदय ने भारत को ऐसे क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया है, जहां अत्याधुनिक नवाचार ही सब कुछ है, अब चाहे इनका उपयोग किसी भी निश्चित उद्देश्य के लिये किया जाए। मसलन स्ट्राइक ऑपरेशन की निगरानी के लिये तथा रडार से छिपकर ये उड़ने वाली मशीनों को सुरक्षित बनाने के लिये। भारत के लिये यह सुनिश्चित करना एक चुनौती है कि उसके ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियां दुश्मन के ड्रोन तकनीक से बेहतर सिद्ध हों। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में यूएवी परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में निर्णायक साबित होगा। ऐसे में परंपरागत युद्ध कौशल से आगे जाकर हमें नई चुनौतियों का मुकाबला करना है। हमें न केवल अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करना है बल्कि ड्रोन व यूएवी तकनीक में ऐसी महारथ हासिल करनी है कि हम इनके निर्यातक के रूप में हथियार बाजार में अपनी पहचान बना सकें। निश्चित रूप से हम इससे अपनी विशाल युवा शक्ति के बूते और नई पीढ़ी के कौशल विकास से इन लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। इससे जहां हम बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकेंगे, वहीं दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी अर्जित कर सकेंगे। हम देख रहे हैं कि दुनिया में आज उन्हीं देशों की कूटनीति का वर्चस्व है, जिनका हथियार उद्योग व तकनीकी नवाचार में बोलबाल है।

# नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी



**डॉ. मनसुख मांडविया**
केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, भारत सरकार

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभाएगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है।

लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (-खखचड) की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं। ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं।

ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र (खठउ-ी) और आउटरीच-कम-ड्रॉप-इन सेंटर (जऊखउी) की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (छउइ) ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशन्स किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर-सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं।

भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में चध इहरीरीं ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक 'युवा आध्यात्मिक समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'। वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाए।

इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज़ को सरकार और नीति निर्माताओं तक पहुँचा सकेंगे।

इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किए जाएंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा चध इहरीरीं के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें।

अंत में एक 'काशी डिक्लेरेशन' जारी किया जाएगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाए, नशे की गिरफ्त में आए लोगों की कैसे सहायता की जाए और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाए।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश की अमृत पीढ़ी के सपनों का भारत बनाने की बात करते हैं। उनके विजन के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम, एक समग्र और प्रभावशाली पहल का उदाहरण बनेगा। यह पहल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में भी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी।


देश को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी युवा शक्ति की है। काशी में आयोजित होने वाला 'युवा आध्यात्मिक समिट' इस लक्ष्य की दिशा में केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का प्रारंभ स्थल बनेगा। यह नशे के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान को नई दिशा और ऊर्जा देगा। साथ ही, युवाओं में नैतिक मूल्यों, सामाजिक ज़िम्मेदारी और आत्म-संयम का ऐसा भाव जागृत करेगा, जो न केवल उन्हें अपने जीवन में सार्थकता देगा, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनेगा। काशी की पवित्र धरती से उठने वाली यह पुकार, हर युवा के मन में जागृति और देशभक्ति का नया प्रकाश भर देगी और यही संकल्प 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

# मंगल पांडे : भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अग्रदूत



**प्रदीप कुमार वर्मा**

**स्वाधीनता सेनानी मंगल पांडे की जयंती 19 जुलाई पर विशेष...**



शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का यही आखरी निशां होगा... मां भारती की आन,बान और शान की खातिर मर मिटने तथा उसे गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने वाले शहीदों का अब यही फलसफा बाकी है। आज से करीब दो सौ साल पहले जन्मे महान स्वाधीनता सेनानी मंगल पांडे की आज जयंती है। शहीद मंगल पांडे का नाम भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में एक ऐसे अमर सेनानी के रूप में दर्ज है, जिसने ब्रिटिश फ़ौज में शामिल रहते हुए देशभक्ति का जज्बा बुलंद किया और यूनियन जैक के सामने एक चुनौती पेश की। महान शहीद मंगल पांडे ने ब्रिटिश हुकूमत के निर्देशों को मानने से इनकार कर दिया और सैन्य छावनी में ही कई अंग्रेज अफसर को मौत के घाट उतार दिया। मंगल पांडे के इस कदम से ब्रिटिश सेना भौचक्की रह गई और उन पर मुकदमा चला। इसके बाद उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया गया। लेकिन एक अमर सेनानी और प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत के रूप में मंगल पांडे आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं।

गुलामी की वीडियो से मां भारती को आजाद कराने की लड़ाई में भागीदारी करने वाले क्रांतिकारी मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को यूपी के बलिया जिले के नगवा गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता दिवाकर पांडे तथा माता का नाम अभय रानी था। वर्ष 1849 में मंगल पांडे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में शामिल हुए और बैरकपुर की सैनिक छावनी में बंगाल नेटिव इन्फैंट्री यानी बीएनआई की 34 वीं रेजीमेंट के पैदल सेना के सिपाही रहे। मंगल पांडे के मन में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्वार्थी एवं भारत विरोधी नीतियों के कारण अंग्रेजी हुकुमत के प्रति पहले ही नफरत थी। उस दौरान ब्रिटिश सेना की बंगाल यूनिट में ' पी.-53' राइफल आई। जिसमें कारतूसों को राइफल में डालने से पहले मुंह से खोलना पड़ता था। उस जमाने में सैनिकों के बीच ऐसी खबर फैल गई कि इन कारतूसों को बनाने में गाय तथा सूअर की चर्बी का प्रयोग किया गया है। ऐसे में हिन्दू और मुसलमानों में प्रचलित धार्मिक मान्यताओं के चलते दोनों धर्मों के सैनिकों के मन में अंग्रजों के खिलाफ आक्रोश पैदा हो गया।

फिर आई वह 9 फरवरी 1857 की तारीख, जब यह कारतूस पैदल सेना को बांटा गया। तब मंगल पांडेय ने उसे न लेने को लेकर विद्रोह के अपने इरादे जता दिए। इस बात से गुस्साए अंग्रेजी अफसर द्वारा मंगल पांडे से उनके हथियार छीन लेने और वर्दी उतरवाने का आदेश दिया, जिसे मानने से मंगल पांडे ने इनकार कर दिया। आज़ादी की खातिर मर-मिटने का जज्बा दिल में लिए मंगल पांडे ने रायफल छीनने आगे बढ़ रहे अंग्रेज अफसर मेजर ह्यूसन पर आक्रमण किया तथा उसे मौत के घाट उतार दिया। यही नहीं उनके रास्ते में आए दूसरे एक और अंग्रेज अधिकारी लेफ्टिनेंट बॉग को भी मौत के घाट उतार दिया। और इस तरह मंगल पांडे ने ब्रिटिश सेना की बैरकपुर छावनी में 29 मार्च 1857 को अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल बजा दिया। यही वजह है कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम की गाथा लिखने वाले इतिहासकार मंगल पांडे को आजादी की लड़ाई का अगदूत मानते हैं। भारतीय इतिहास में इस घटना को '1857 का गदर' नाम दिया गया है।

इस घटना के बाद मंगल पांडे को अंग्रेजी सेना के सिपाहियों ने गिरफ्तार किया। उन पर कोर्ट मार्शल द्वारा मुकदमा चलाया और फांसी की सजा सुना दी गई। कोर्ट के फैसले के अनुसार उन्हें 18 अप्रैल 1857 को फांसी दी जानी थी। अंग्रेजी हुकूमत को इस बात का अंदेशा था कि मंगल पांडे को फांसी की सजा दिए जाने वाले दिन कोई बड़ा विद्रोह और जनता में आक्रोश हो सकता है। इस बात को भांपते हुए अंग्रेजों द्वारा 10 दिन पूर्व ही यानि 8 अप्रैल सन 1857 को ही मंगल पांडे को फांसी दे दी गई। इस घटना ने भारतीय सैनिकों में असंतोष को और बढ़ाया और मेरठ में 10 मई 1857 को विद्रोह की चिंगारी भड़की, जिससे पूरे उत्तर भारत में विद्रोह फैल गया। मंगल पांडे का बलिदान और विद्रोह ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी और देशवासियों को अंग्रेजों के खिलाफ एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। ब्रिटिश सेवा में माया सिपाही होने के बावजूद उन्होंने देशभक्ति की खातिर यूनियन जैक को ललकारा था।

अमर शहीद मंगल पांडे ने भारत में ब्रिटिश उपनिवेश को उखाड़ फेंकने का आगाज कर दिया था। मंगल पांडे द्वारा लगायी गयी विद्रोह की यह चिंगारी बुझी नहीं। करीब एक महीने बाद ही 10 मई सन 1857 को मेरठ की छावनी में कोतवाल धनसिंह गुर्जर के नेतृत्व में बगावत हो गयी। मेरठ में भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश अधिकारियों को मार डाला। इसके बाद विद्रोही सैनिक दिल्ली की ओर बढ़े और बहादुर शाह जफर को अपना नेता घोषित किया। इसके बाद लखनऊ में भीषण संघर्ष हुआ, जहां भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश रेजीडेंसी पर हमला किया। इस दौरान बेगम हज़रत महल और अन्य नेताओं ने विद्रोह का नेतृत्व किया। मेरठ और लखनऊ के बाद विद्रोह की आज कानपुर तक आ पहुंची ,जहां नाना साहेब ने कानपुर में विद्रोह का नेतृत्व किया और ब्रिटिश सैनिकों पर हमला किया। यह विद्रोह अत्यधिक हिंसक था और इसमें कई ब्रिटिश नागरिक भी मारे गए। महान स्वाधीनता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी में विद्रोह का नेतृत्व किया।

इसके बाद आजादी की लड़ाई का दायरा पूरे बुंदेलखंड तक पहुंच गया। इस विद्रोह को कुचलना के लिए अंग्रेजी सेना ने झांसी पर हमला कर दिया जहां रानी लक्ष्मीबाई ने बहादुरी से ब्रिटिश सेना का सामना किया और अंततः लड़ते हुए शहीद हो गईं। प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान देश के कई हिस्सों में हुए इस विद्रोह के बाद अंग्रेजों को स्पष्ट संदेश मिल गया कि अब भारत पर राज्य करना उतना आसान नहीं है। देश की आजादी के लिए क्रांति की ज्वाला को प्रज्वलित करने वाले मां भारती के इस वीर सपूत मंगल पांडे की आज जयंती है। भारत में पांडे को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में याद किया जाता है। अमर शहीद मंगल पांडे की स्मृति में बैरकपुर में उनके नाम पर एक पार्क है। यही नहीं वर्ष 1984 में भारत सरकार द्वारा उनकी छवि वाला एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया गया था। इसके अलावा वर्ष 2005 में मंगल पांडे के जीवन और उनकी शहादत पर आधारित फिल्म मंगल पांडे : द राइजिंग भी बनी,जिसमें आमिर खान ने मंगल पांडे की भूमिका निभाई।

– लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।

## विदेश की खबरें

### बांग्लादेश में हिंसा के बाद 160 से अधिक लोग गिरफ्तार, मृतकों की संख्या पांच हुई



**ढाका :** बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के गृह नगर गोपालगंज में शुक्रवार को 160 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया और कर्फ्यू की अवधि बढ़ा दी गई। इस बीच शहर में बुधवार को हुई हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। पुलिस के मुताबिक, 164 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सैकड़ों अन्य की तलाश जारी है। उसने बताया कि नौसेना और तटरक्षक बल के जवान भी ढाका से लगभग 160 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित गोपालगंज में हुई हिंसा में शामिल संदिग्धों को पकड़ने के लिए नदियों और नहरों में गश्त कर रहे हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की रैली के दौरान हुई झड़प में चार लोग मारे गए थे। रैली एक तरह से युद्धक्षेत्र में बदल गई, क्योंकि छात्रों के नेतृत्व वाली पार्टी के मार्च से पहले शेख मुजीबुर रहमान की बेटी और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के सैकड़ों समर्थकों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। एक स्थानीय अखबार के संपादक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, स्थानीय अस्पताल ने गोली लगने से गंभीर रूप से घायल रमजान मुंसी को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों और कई अज्ञात व्यक्तियों पर बुधवार को एक पुलिस वाहन में आग लगाने और कई अधिकारियों पर हमला करने का आरोप है।

### ब्रिटेन का रुख स्पष्ट, कश्मीर द्विपक्षीय मुद्दा : ब्रिटिश मंत्री

**लंदन :** ब्रिटेन ने कहा है कि कश्मीर के मामले में उसका रुख स्पष्ट और अपरिवर्तित है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है तथा भारत और पाकिस्तान को कश्मीरी लोगों की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए इसे सुलझाना चाहिए। ब्रिटेन की मंत्री बैरोनेस जेनिफर चैपमैन ने संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स में कहा कि उनकी सरकार भारत और पाकिस्तान को सार्थक वार्ता में शामिल होने तथा तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों से बचने के लिए प्रोत्साहित करती रहेगी। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन की 'ग्रैंड कमेटी' में बृहस्पतिवार को 'भारत और पाकिस्तान: शांति प्रतिनिधित्व' विषय पर एक संक्षिप्त बहस के दौरान, विभिन्न दलों के सदस्यों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद क्षेत्र में 'स्थायी शांति' की संभावनाओं पर चर्चा की। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। ब्रिटिश संसद में पाकिस्तानी मूल के कुछ सांसदों ने इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की मांग की जबकि भारतीय मूल के सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राज्य प्रायोजित आतंकवाद के मजबूत सबूतों के बारे में दिए गए बयान को रेखांकित किया। चैपमैन ने ब्रिटिश सरकार का रुख प्रस्तुत करते हुए कहा, 'कश्मीर के मामले में ब्रिटेन का रुख अपरिवर्तित है। हम कश्मीर की स्थिति को एक द्विपक्षीय मुद्दा मानते हैं जिसे भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीरी लोगों की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए सुलझाया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'हम समाधान नहीं सुझाते, न ही हम मध्यस्थता चाहते हैं। हालांकि, हम दोनों पक्षों को सार्थक बातचीत में शामिल होने एवं तनाव को और बढ़ाने वाली कार्रवाइयों से बचने के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। हम इस मुद्दे से जुड़ी संवेदनशीलताओं से पूरी तरह वाकिफ हैं और हमारा लक्ष्य एक शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान का समर्थन करना है जो सभी समुदायों के अधिकारों और आकांक्षाओं का सम्मान करता हो।' मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन बातचीत को प्रोत्साहित करने, सहयोग को बढ़ावा देने और संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए कूटनीति का उपयोग करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि इस क्षेत्र का शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य संभव है।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 जुलाई, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष नवमी, 14:40 तक, नक्षत्र : भरणी, 24:35 तक, योग : शुला, 24:51 तक, सूर्योदय: 5:02, सूर्यास्त: 18:23, चन्द्रोदय : 24:14, चन्द्रास्त: 13:02, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 08:24 से 10:03

## राशिफल

**मेष :** जो लोग कामकाज के सिलसिले में किसी बैंक या संस्था से ऋण लेना का विचार बना रहे हैं, तो पहले अच्छी तरह सोच-विचार जरूर कर लें।कोई काम अधूरा था तो वह भी अब पूरा हो सकता है।

**वृष :** कारोबार के मामले में आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऐसे में सावधानी बरतनी जरूरी होगी, अन्यथा कोई चोट लगने की संभावना है।

**मिथुन :** आपको फिजूलखर्ची से आज बचकर रहने की जरूरत होगी। अगर आपको शरीर से जुड़ी कोई समस्या है, तो आज परेशानी ज्यादा बढ़ सकती है। ऐसे में धन बचाकर रखना जरूरी होगी।

**कर्क :** भाग्य आज आपका पूरा साथ देगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी मेहनत का पूर्ण लाभ प्राप्त होगा। आप अपने शौक और सुख के लिए धन खर्च कर सकते हैं।

**सिंह :** आज आपका दिन मिले जुले परिणाम देने वाला रहेगा। मानसिक अशांति और किसी बात को लेकर ज्यादा सोचने से आप पूरे दिन परेशान रह सकते हैं।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आप साहस और बिना डरे कठिन कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। साथ ही, माता-पिता की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग और प्रेम प्राप्त होगा।

**तुला :** पूरा दिन भाग्यशाली रहेगा। आज आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आपके अष्टम भाव में बृहस्पति वृषभ राशि के होकर विराजमान हैं।

**वृश्चिक :** आपका मन किसी बात को लेकर अशांत रह सकता है। ऐसे में ज्यादा तनाव लेने से बचना बेहतर होगा। व्यापार में वृद्धि के लिए प्रयास कर रहे हैं, तो विपरीत परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु :** आज आपके ज्ञान में वृद्धि होगी और मन के भीतर दान पुण्य और परोपकार करने की भावना भी विकसित होगी। धार्मिक अनुष्ठानों में भी आप रुचि लेकर पूरा सहयोग कर सकते हैं।

**मकर :** आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। लेकिन इसके साथ-साथ कुछ अनावश्यक खर्चे भी सामने आ सकते हैं। आपको न चाहते हुए भी उन कार्यों पर धन लगाना पड़ेगा।

**कुम्भ :** बुद्धि विवेक से नई योजनाएं बनाने और जानकारी प्राप्त करने में ज्यादा निकलेगा। पैसों के मामले में आवश्यकता पड़ने पर सीमित धन खर्च करना ही ज्यादा लाभदायक रहेगा।

**मीन :** समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और मनोबल में भी वृद्धि होगी। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के चलते आपके आसपास के लोग भी आपके करीब आने की कोशिश करेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3157

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ | |
| 7 | 8 | | | 9 | | ■ | 10 | 11 | |
| ■ | | ■ | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | | ■ | | ■ |
| 17 | | ■ | 18 | | ■ | 19 | | | 20 |
| | ■ | 21 | | ■ | ■ | | ■ | 22 | |
| 23 | 24 | ■ | 25 | | 26 | ■ | 27 | ■ | |
| 28 | | | | ■ | 29 | | | | |

**ऊपर से नीचे:-** 1) ओर, 2) रुष्ट होना; फैलना 3) बेहोशी, 4) रगड़ना, 5) घूँघट, 6) गणेश, 8) अटकाना, 9) प्यारा बच्चा, 11) आजीवन, 13) झरने का आवाज, 15) हिफ़ाजत, 17) लगभग, 20) बहाना करके किसी आए व्यक्ति को लौटा देना, 24) प्रतीक्षा, 26) चालचलन, 27) फूल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 1) झुंझलाना, 3) खारा, 6) लम्बाचौड़ा, 7) उत्तरोत्तर समृद्ध होना, 10) बहुत बढ़िया, 12) अर्हतासंपन्न; सुयोग्य, 14) बुज़दिल, 16) आगामी दिन, 17) पहुँचना, 18) रुका हुआ, 19) दायें या बायें बाजू लेटना, 21) निवाला, 22) पुल्लिंगीय सजीव, 23) एक धातु, 25) चुप्पी, 28) एक पांडव, 29) ख़ुशी से भर जाना.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | ■ | ब | रा | ब | र | ■ | म | ल | बा |
| जा | ■ | र | ■ | स | ह | म | त | ■ | ल |
| म | र | त | बा | ■ | न | ■ | ल | ■ | प |
| ■ | ■ | न | र | गि | स | ■ | बी | र | न |
| ई | खा | ■ | दा | ■ | ह | ठ | ■ | ज | ■ |
| म | ■ | ■ | ना | दा | न | ■ | प | नी | र |
| न | ज़ | र | ■ | मो | ■ | अ | न | श | न |
| दा | ■ | म | द | द | गा | र | ■ | ■ | वा |
| री | झ | ना | ■ | र | ■ | सा | ■ | ख़ा | स |

## सुडोकू-पहेली-3114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 1 | 4 | | | 2 |
| 8 | | 3 | 5 | | | | | |
| | | | 2 | 8 | 3 | | | |
| 2 | | | | | 8 | 3 | | |
| 5 | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 6 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | | 1 | |
| | | | 7 | | | 5 | | |
| 7 | | | | | 6 | | 4 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3113 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 |

# प्रधानमंत्री ने बंगाल में करीब 5400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया




**❑ बांकुड़ा और पुरुलिया में बीपीसीएल की शहरी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखी**

**❑ नई रेलवे लाइनों, स्टेशन आधुनिकीकरण और ऊपरगामी पुलों पर कार्य**

**दुर्गापुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में 5,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें तेल एवं गैस, बिजली, रेल और सड़क से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, संपर्क और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है। पश्चिम बंगाल के औद्योगिक शहर दुर्गापुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज विश्व भारत के 'विकसित राष्ट्र' बनने के संकल्प पर चर्चा कर रहा है और देश के बुनियादी ढांचे में हो रहा परिवर्तन इस दृष्टिकोण का एक प्रमुख आधार है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज पूरी दुनिया विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा कर रही है। इसके पीछे भारत में दिख रहे बदलाव हैं, जिनपर विकसित भारत की इमारत खड़ी हो रही है। इन बदलावों का एक बड़ा पहलू भारत का बुनियादी ढांचा है।' मोदी ने अपनी सरकार के 'एक राष्ट्र, एक गैस ग्रिड' के दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' परियोजना की परिकल्पना समतापूर्ण ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करने और पूर्वी भारत में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मंत्र वाली परियोजनाएं बंगाल की अर्थव्यवस्था को और विकसित करने में मदद करेंगी। उन्होंने कहा, 'इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।' मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित देश के सभी राज्य गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक पक्के मकान, करोड़ों शौचालय, हजारों किलोमीटर नई सड़कें और राजमार्ग, नई रेलवे लाइन, छोटे शहरों में हवाई अड्डे और गांवों में इंटरनेट संपर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बंगाल में रेल संपर्क के लिए काफी काम किया जा रहा है और यह उन राज्यों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और कोलकाता मेट्रो का तेजी से विस्तार हो रहा है।' मोदी ने कहा कि नई रेलवे लाइन बिछाई जा रही हैं, कई रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और रेलवे ऊपरगामी पुल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इन सबसे बंगाल के लोगों का जीवन आसान होगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल के हवाई अड्डों को उड़ान योजना से जोड़ा गया है, जिसमें पिछले एक साल में पांच लाख से अधिक यात्री यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, 'गैस उपलब्धता के क्षेत्र में पिछले 10 से 12 वर्षों में जो काम हुआ है, वह पहले कभी नहीं हुआ। पिछले दशक में एलपीजी कनेक्शन लाखों घरों तक पहुंचा है।' मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत के छह राज्यों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि औद्योगिक शहर दुर्गापुर राष्ट्रीय गैस ग्रिड का हिस्सा बन गया है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस गैस आपूर्ति परियोजना से बंगाल में 25 से 30 लाख घरों को सस्ती गैस मिलेगी और इससे दुर्गापुर और रघुनाथपुर के उद्योगों को सहूलियत होगी। उन्होंने कहा, 'ये कारखाने अब विश्व के साथ प्रतिस्पर्धा करने में अधिक कुशल हो गए हैं।' प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक एक विकसित देश बन जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमारा आगे का रास्ता विकास के माध्यम से सशक्तिकरण, रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता और करुणा के माध्यम से सुशासन है। इन आदर्शों के साथ, हम निश्चित रूप से बंगाल को भारत के विकास का इंजन बनाएंगे।' बंगाल में अपने कार्यक्रमों के तहत प्रधानमंत्री ने बांकुड़ा और पुरुलिया जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की 1,950 करोड़ रुपये की शहरी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य घरों और उद्योगों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी), खुदरा दुकानों पर संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की आपूर्ति करना और क्षेत्र में रोजगार सृजन करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा (पीएमयूजी) पहल के तहत बिछाई गई दुर्गापुर-हल्दिया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के 1,190 करोड़ रुपये की लागत वाले दुर्गापुर-कोलकाता खंड (132 किलोमीटर) को भी राष्ट्र को समर्पित किया। पूर्व बर्धमान, हुगली और नदिया जिलों से होकर गुजरने वाली इस पाइपलाइन से लाखों लोगों को प्राकृतिक गैस की निरंतर आपूर्ति होने की उम्मीद है। मोदी ने स्वच्छ ऊर्जा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए दामोदर घाटी निगम के अंतर्गत दुर्गापुर इस्पात ताप विद्युत केंद्र और रघुनाथपुर ताप विद्युत केंद्र में स्थापित फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) प्रणालियों को राष्ट्र को समर्पित किया। कुल 1,457 करोड़ रुपये की लागत वाली प्रदूषण नियंत्रण 'रेट्रोफिटिंग' परियोजना से वायु की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने तथा क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने 36 किलोमीटर लंबी पुरुलिया-कोटशिला रेल लाइन के दोहरीकरण का उद्घाटन किया, जिसे 390 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूरा किया गया है।

# 'पार्टी नहीं चाहती मैं वहां रहूं', पीएम मोदी की रैली से दूरी पर बोले दिलीप घोष

## जेपी नड्डा से उनके आवास पर जाकर भाजपा नेता ने की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** पार्टी में अलग-थलग चल रहे बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष शुक्रवार को दुर्गापुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से दूर रहे। घोष पीएम की रैली से पहले शुक्रवार सुबह में ही दिल्ली के लिए निकल गए। दिल्ली पहुंचकर दोपहर में उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। हालांकि, दिल्ली में मीडिया के सवालों पर घोष ने मुलाकात के बारे में चुप्पी साधे रखी। वहीं, दिल्ली रवाना होने से पहले घोष ने कोलकाता एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री की रैली में शामिल न होने का फैसला आखिरी क्षण में लिया, क्योंकि पार्टी नेतृत्व उन्हें वहां नहीं देखना चाहता था। उन्होंने दावा किया कि मुझे रैली के लिए आमंत्रित नहीं किया गया। घोष ने कहा कि शुरुआत में मैंने कहा था कि मैं रैली में जाऊंगा, क्योंकि आम पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसकी मांग की थी। लेकिन पार्टी ने मुझे आमंत्रित नहीं किया। शायद पार्टी नेतृत्व नहीं चाहता कि मैं वहां रहूं। संभवत: मेरी मौजूदगी से उन्हें असुविधा हो सकती थी। इसलिए मैंने प्रधानमंत्री की रैली में नहीं जाने का फैसला किया। जब उनसे पूछा गया कि वह इतने अहम दिन पर दिल्ली क्यों जा रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के एक काम से दिल्ली जा रहा हूं। हालांकि, उन्होंने उस काम का जिक्र नहीं किया।

## आज इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होगी टीएमसी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में शामिल होंगे। एक सूत्र के मुताबिक, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी जो कि 21 जुलाई को होने वाली शहीद दिवस रैली की तैयारियों में व्यस्त है, रविवार को मानसून सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं होगी। हालांकि, पहले टीएमसी ने दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया था, लेकिन अब इस बैठक को ऑनलाइन करने का फैसला किया गया, तो अभिषेक बनर्जी इसमें शामिल होंगे।

**Khanakul-II Dev. Block**
Senhat, Rajhati, Bandar, Hooghly
**NOTICE INVITING TENDER**
The BDO Kh-II, **NIeT No.- 20/ BDO Kh-II/2025-26 (1st Call), Date: 18.07.2025. Tender ID: 2025_ ZPHD_880390_1 to 6** for ICDS Building. Last date of bids ends on **04.08.2025 up to 06:00 PM.** For detail visit **www.wbtenders.gov.in**
Sd/-
Block Dev. Officer
Khanakul-II Dev. Block

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**
**निविदा सूचना सं. 114-ईएलसी-जी-केजीपी-24-25-36आर4, दिनांक 17.07.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी/खड़गपुर-721301, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को दोपहर 12.00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** नीमपुरा में नए 70 बिस्तरों वाले रनिंग रूम के निर्माण के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,90,58,200.70। **बोली सुरक्षा/ईएमडी:** रु. 2,95,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। **जमा करने की तारीख:** 08.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक। **खुलने की तारीख:** 08.08.2025; निविदा के सम्पूर्ण विवरण, ब्यौरा एवं विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। किसी भी स्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-411)**

**ऊर्जितकरण के संबंध में सार्वजनिक सूचना**
**हावड़ा इलेक्ट्रिक लोको शेड में**
**व्हील टर्निंग लाइन एवं डिकैंटेशन लाइन**
पूर्व रेलवे के नीचे उल्लिखित अनुभाग के संपूर्ण हो चुके अनुभाग में अवस्थित रेलवे लाइनों एवं परिसरों के सभी प्रयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **दिनांक 22.07.2025 को अथवा उसके उपरांत** 25000 वोल्ट, 50 एचजेड एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तार में विद्युत प्रवाहित कर दिया जाएगा। **दिनांक 22.07.2025** को तथा से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को सब समय के लिए विद्युत प्रवाहित माना जाएगा तथा कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कथित ओवरहेड लाइन के निकट न जाएं और न ही उसके करीब कार्य करें।
● **अनुभाग:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के हावड़ा इलेक्ट्रिक लोको शेड में व्हील टर्निंग लाइन तथा डिकैंटेशन लाइन का विद्युतीकरण। **किमी से:** हावड़ा से लोकेशन सं. ईएलएस/5001 (चेनेज 0/00.00)। **किमी तक:** हावड़ा से लोकेशन सं. ईएलएस/8006 (चेनेज 0/151.20)। **टीकेएम:** 0.207। **ऊर्जितकरण की तारीख:** 22.07.2025.
**मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/कोलकाता**
**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गैर-बीजेपी राज्यों में पेट्रोल-डीजल 7 से 8 रुपये महंगा : हरदीप पुरी



**कोलकाता/दुर्गापुर :** ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने दोहराया कि गैर-भाजपा शासित राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें भाजपा शासित राज्यों से अधिक हैं। दुर्गापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच पर बोलते हुए, मंत्री पुरी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 7-8 रुपये प्रति लीटर कम हैं। उन्होंने भारत की उल्लेखनीय आर्थिक वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की। पुरी ने कहा, जब 2014 में प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब भारत दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी और आज आपके नेतृत्व में हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। कुछ ही महीनों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएँगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने 5,000 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजन-ाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन विकास परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था और जीवन स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने ईंधन की कीमतों को बढ़ने नहीं दिया। नवंबर 2021, मई 2022 और मार्च 2024 में, केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उपकर में क्रमशः 13 रुपये और 16 रुपये की कटौती की। मंत्री पुरी ने किसी राज्य या उनके नेताओं का नाम लिए बिना कहा, इसके अलावा, हमारे भाजपा शासित राज्यों ने भी ईंधन पर वैट कम कर दिया है। भाजपा शासित राज्यों में पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें गैर-भाजपा शासित राज्यों की तुलना में 7-8 रुपये प्रति लीटर कम हैं।

# भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में एक रिटायर्ड समेत तीन पुलिस कर्मियों को जेल हिरासत

**❑ न्यायाधीश ने की टिप्पणी... 'अगर रक्षक ही भक्षक बन जाए तो समाज का क्या होगा'**

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता की एक निचली अदालत ने शुक्रवार को वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हुई हत्या के मामले में एक सेवानिवृत्त समेत तीन पुलिस कर्मियों को जेल हिरासत में भेजने का निर्देश दिया। अदालत ने इस मामले में कोलकाता पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारी व नारकेलडांगा थाने के तत्कालीन प्रभारी शुभजीत सेन, तत्कालीन उपनिरीक्षक रत्ना सरकार, होमगार्ड दीपांकर देबनाथ तथा इस अपराध में सहायता करने वाली सुजाता देब की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने इन्हें 31 जुलाई तक जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि अगर रक्षक ही भक्षक बन जाए तो समाज का क्या होगा। बता दें कि दो मई, 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई व्यापक हिंसा में कोलकाता के कांकुरगाछी में अभिजीत सरकार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। सीबीआइ ने दो जुलाई को इस घटना के संबंध में अपना दूसरा अतिरिक्त आरोपपत्र दाखिल किया था। इसमें 18 आरोपितों की सूची में कोलकाता के बेलेघाटा के तृणमूल विधायक परेश पाल, कोलकाता नगर निगम के पार्षद स्वपन समाद्दार और पापिया घोष के नाम शामिल हैं।

## सिलिकॉन वैली में 42 कंपनियों का दस्तक, बाबुल सुप्रियो का दावा बंगाल अब टेक्नोलॉजी की रफ्तार पर



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के आईटी मंत्री बाबुल सुप्रियो ने बताया कि पश्चिम बंगाल का आईटी सेक्टर अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। साल 2011 में जहां आईटी से केवल चार हजार 500 करोड़ का निर्यात होता था, अब 2025 में यह बढ़कर करीब 35 हजार करोड़ हो गया है। न्यू टाउन में बना बंगाल सिलिकन वैली नाम का टेक्नोलॉजी हब 250 एकड़ में फैला है। इसमें सारी जमीन कंपनियों को दे दी गई है। अब तक 42 कंपनियां इसमें शामिल हो चुकी हैं, जिनमें से 19 ने काम शुरू कर दिया है और तीन पूरी तरह से चालू हो चुकी हैं। बाबुल सुप्रियो ने बताया कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पहले से ही यहां बड़ा दफ्तर चला रही है, जिसमें 50 हजार लोग काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले कंपनी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात कर बंगाल में और निवेश की योजना पर बात की। राज्य सरकार अब सेमीकंडक्टर और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) जैसे नए तकनीकी क्षेत्रों पर भी काम कर रही है। इसके लिए नई नीतियां तैयार की जा रही हैं। बाबुल सुप्रियो ने यह भी कहा कि बंगाल से लोग दूसरे शहरों और देशों में काम करने चले जाते हैं, लेकिन अब सरकार कोलकाता को एक बड़ा आईटी हब बनाने पर काम कर रही है ताकि यहां के लोग यहीं रहकर अच्छे मौके पा सकें।

# राज्य में निजी और मिनी बसों के परिचालकों को लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता क्षेत्र और पूरे पश्चिम बंगाल में निजी बस और मिनी बस सेवाओं को विनियमित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए परिवहन विभाग ने बस परिचालकों के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया है। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो दिन पहले प्रमुख सचिव (परिवहन) सौमित्र मोहन ने एक अधिसूचना जारी की थी, जिसका उद्देश्य यात्रियों और परिवहन अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करने वाले परिचालकों की भूमिका में अधिक जवाबदेही लाना है। अधिकारी ने कहा कि परिचालक यात्रियों को सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अक्सर आपात स्थिति के दौरान यात्री सबसे पहले उन्हीं की ओर रुख करते हैं, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध अपराध की घटनाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि चालकों के पास मोटर वाहन विभाग द्वारा जारी लाइसेंस होते हैं, लेकिन परिचालकों पर नजर रखना मुश्किल होता है, जिन्हें ज्यादातर बस मालिकों या यूनियनों द्वारा व्यक्तिगत रूप से भर्ती किया जाता है और विभाग को उनकी पहचान, पिछले जीवन और व्यवसाय में आवश्यक अनुभव के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। अधिकारी के अनुसार, केवल न्यूनतम मानदंड पूरा करने वाले लोग ही परिचालक लाइसेंस के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि आवेदन करने वालों को कक्षा चार तक पढ़ा होना चाहिए, उनकी आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए तथा उन्हें आवश्यक सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

# नीला-सफेद रंग को लेकर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा हलफनामा

**❑ भारतीय सड़क कांग्रेस के निर्धारित पीला-काला रंग के बजाय नीला-सफेद रंग लगाने का मामला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल के मुख्य सचिव से रिपोर्ट तलब की है कि राज्य की सड़कों पर 'भारतीय सड़क कांग्रेस' द्वारा निर्धारित रंगों के बजाय नीला-सफेद रंग क्यों इस्तेमाल किया जा रहा है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने मुख्य सचिव मनोज पंत को इस संबंध में हलफनामे के रूप में रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद फिर होगी। सड़क के रंग संबंधी नियमों को लेकर राज्य सरकार को अदालत में गुरुवार को फटकार का भी सामना करना पड़ा। इस दिन ममता सरकार के वकील ने सवाल उठाया कि राज्य इस मामले में शामिल नहीं है। इस पर खंडपीठ ने कहा कि पद पर रहते हुए झूठा बहाना बनाकर छल न करें। मुख्य सचिव इस मामले में शामिल हैं। यानी राज्य प्रशासन का सर्वोच्च पदाधिकारी इस मामले में शामिल है। खंडपीठ ने कहा कि राज्य मुख्य सचिव के अधिकार के बारे में संकीर्ण दृष्टिकोण रखता है। यह याद रखना चाहिए कि मुख्य सचिव केवल कोलकाता के ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के मुख्य सचिव होते हैं। बताते चलें कि भारतीय सड़क कांग्रेस (आइआरसी) देश की सर्वोच्च सड़क निर्माण और चिह्नांकन संस्था है। हालांकि, उनके नियमों में सड़कों को चिह्नित करने के लिए पीले और काले रंग का इस्तेमाल करने का प्रावधान है, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद से ममता बनर्जी ने पूरे राज्य में सरकारी इमारतें ही नहीं बल्कि सड़कों के किनारे लगे पत्थर, रोड डिवाइडर, फ्लाइओवर, मेट्रो व ओवर ब्रिजों की रेलिंग व खंभे, पुलिस बैरिकेड सभी में नीले-सफेद रंग से रंगवा दिया। इसे लेकर एक मामला दायर किया गया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि नीला-सफेद रंग रात में दृश्य भ्रम पैदा करके दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। इस मामले में, खंडपीठ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए विशिष्ट चिह्नांकन आवश्यक है। यदि आइआरसी के नियम लोगों के लिए लाभकारी हैं, तो उनका पालन न करने का कोई कारण नहीं हो सकता। आइआरसी के नियमों को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

## बंगाल के स्कूलों में 35,726 शिक्षक पदों के लिए अब तक पांच लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में सहायक शिक्षकों के 35,726 पदों के लिए अब तक पांच लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए 16 जून को एक ऑनलाइन आवेदन पोर्टल शुरू किया गया था, जिसकी मूल अंतिम तिथि 14 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर 21 जुलाई कर दिया गया है। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने बताया, 'आवेदकों की संख्या पहले ही पांच लाख से ज्यादा हो चुकी है। हमें उम्मीद है कि यह संख्या और बढ़ेगी।' तीस मई को डब्ल्यूबीएसएससी ने उच्चतम न्यायालय के एक निर्देश का पालन करते हुए सरकारी सहायता प्राप्त और सरकारी स्कूलों में 35,726 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए एक अधिसूचना जारी की थी।

# पीएम मोदी ने बंगाल आकर सिर्फ झूठ बोला : तृणमूल कांग्रेस

**❑ पीएम के आरोपों पर तृणमूल का पलटवार, पूछा... 'खाली हाथ बंगाल आकर मोदी बड़ी-बड़ी बातें क्यों कर रहे हैं?'**




**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शुक्रवार को बंगाल दौरे में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं के शिलान्यास करने और राज्य के विकास में तृणमूल कांग्रेस सरकार को सबसे बड़ी बाधा बताने पर सत्तारूढ़ दल ने पलटवार किया है। तृणमूल के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि पीएम ने दुर्गापुर में आकर सिर्फ झूठ बोला। तृणमूल भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए घोष ने दुर्गापुर में पीएम द्वारा हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास पर सवाल उठाए। उन्होंने मोदी को झूठा बताते हुए कहा कि एक प्रधानमंत्री ने जानबूझकर बहुत सारी झूठी जानकारियां दीं। तंज कसते हुए घोष ने कहा कि दुर्गापुर की सभा से पीएम विकास के बारे में कितने झूठ बोले हैं मैं और क्या कह सकता हूं। खाली हाथ बंगाल आकर मोदी बड़ी-बड़ी बातें क्यों कर रहे हैं? उन्होंने दावा किया कि बंगाल का केंद्र पर एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा का बकाया है। वह उसे नहीं चुका रहे हैं। आरोप लगाया कि मनरेगा योजना में काम कराने के बाद भी उन्होंने राज्य के मजदूरों का भुगतान नहीं किया। उन्होंने पीएम आवास का भुगतान नहीं किया। राज्य सरकार ने अपने कोष से मजदूरों के बकाया का भुगतान किया और गरीबों को घर के लिए भी पैसा दिया है। घोष ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि पीएम राज्य का बकाया नहीं दे रहे हैं, लेकिन अदृश्य वाले पांच हजार करोड़ की परियोजनाओं को दिखा दिया। हमें नहीं पता कि ये परियोजनाएं कब पूरी होंगी या नहीं होंगी। घोष ने यह भी कहा कि मोदी ने बंगाल में परिवर्तन की बात की, लेकिन असल में वे बदल गए हैं। जय श्री राम के बाद अब जय मां दुर्गा और जय मां काली तक के नारे से पता चलता है कि मोदी को बंगाल और दीदी ने बदल दिया है। घोष के साथ तृणमूल की वरिष्ठ नेता व वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी मोदी को झूठा बताते हुए देश में बेरोजगारी दर से लेकर भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा का उल्लेख कर सभी मुद्दों पर पीएम को घेरा। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव से पहले झूठ बोलकर पीएम बंगाल में अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रहे है।

**पूर्व रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**
**एडमिन यूनिट/जोन:** सियालदह मंडल-वाणिज्यिक प्रचार, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700 014, **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** एसडीएएच-पार्सल-45, **नीलामी करने वाले अधिकारी:** वरिष्ठ डीसीएम/एसडीएएच। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 01.08.2025 को 12.00 बजे। **नीलामी की अंतिम तिथि/समय:** 01.08.2025 को 15.40 बजे। **ऑटो एक्सटेंशन जोन:** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधि:** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधि:** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल :** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन:** 10 बार। **कैटलॉग का प्रकाशन:** 16.07.2025 को 18.04 बजे। **निर्णय का माध्यम:** ऑटो, **आरपी की प्रदर्शनी की गई**-नहीं। **आरपी से कम परमिट बिड:** हाँ।
**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण, ट्रिप/दिन, अंतिम तिथि/समय, टर्नओवर की आवश्यकता** निम्नानुसार हैं: **एए/1**, 15051-एसएलआर-आर1-केओएए-जीकेपी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), रियर ब्रेक वैन में पार्सल जगह, 104, 01.08.2025 को 12.30 बजे, रु. 0, **एए/2**, 12517-एसएलआर-आर1-केओएए-जीएचवाई-25-1 (पार्सल-एसएलआर), रियर ब्रेक वैन में पार्सल जगह, 104, 01.08.2025 को 12.40 बजे, रु.0, **एए/3**, 12259-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-बीकेएन-25-1 (पार्सल-एसएलआर), रियर ब्रेक वैन में पार्सल जगह, 417, 01.08.2025 को 12.50 बजे, रु. 2000000, **एए/4**, 12313-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एनडीएलएस-25-1 (पार्सल-एसएलआर), रियर ब्रेक वैन में पार्सल जगह, 730, 01.08.2025 को 13.00 बजे, रु. 5000000, **एए/5**, 12377-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एनओक्यू-25-1 (पार्सल-एसएलआर), रियर ब्रेक वैन में पार्सल जगह, 730, 01.08.2025 को 13.10 बजे, रु.2000000, **एए/6**, 13149-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एपीडीजे-25-1 (पार्सल-एसएलआर), रियर ब्रेक वैन में पार्सल जगह, 730, 01.08.2025 को 13.20 बजे, रु.2000000, **एए/7**, 13147-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-बीएक्सटी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), रियर ब्रेक वैन में पार्सल जगह, 730, 01.08.2025 को 13.30 बजे, रु.2000000, **एए/8**, 13137-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएमएच-24-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 105, 01.08.2025 को 13.40 बजे, रु.0, **एए/9**, 19414-एसएलआर-एफ1-केओएए-एडीआई-23-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 104, 01.08.2025 को 13.50 बजे, रु.0, **एए/10**, 15047-एसएलआर-एफ1-केओएए-जीकेपी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 418, 01.08.2025 को 14.00 बजे, रु.2000000, **एए/11**, 13173-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एसबीआरएम-24-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 209, 01.08.2025 को 14.10 बजे, रु.5000000, **एए/12**, 13175-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एससीएल-25-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 313, 01.08.2025 को 14.20 बजे, रु.5000000, **एए/13**, 15233-एसएलआर-एफ1-केओएए-डीबीजी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 209, 01.08.2025 को 14.30 बजे, रु.0, **एए/14**, 13157-एसएलआर-आर1-केओएए-एमएफपी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 105, 01.08.2025 को 14.40 बजे, रु.0, **एए/15**, 13167-एसएलआर-एफ1-केओएए-एजीसी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 104, 01.08.2025 को 14.50 बजे, रु.0, **एए/16**, 13167-एसएलआर-आर1-केओएए-एजीसी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 104, 01.08.2025 को 15.00 बजे, रु.0, **एए/17**, 13145-एसएलआर-आर1-केओएए-आरडीपी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 730, 01.08.2025 को 15.10 बजे, रु.0, **एए/18**, 13105-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीयूआई-24-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 312, 01.08.2025 को 15.20 बजे, रु.0, **एए/19**, 13105-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-बीयूआई-24-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच में पार्सल जगह, 312, 01.08.2025 को 15.30 बजे, रु.0, **एबी/1**, 13181-13182-वीपी-1-केओएए-एसएचटीटी-25-1 (पार्सल-पार्सल वैन), पार्सल वैन में पार्सल जगह, 105, 01.08.2025 को 15.40 बजे, रु.5000000, **रेट यूनिट:** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क [क्रम सं. एए/1 से एए/19 के लिए] और प्रति राउंड ट्रिप (दो तरफा) [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (प्रत्येक हेतु)। **ईएमडी:** 10% (प्रत्येक हेतु)। **लॉट की स्थिति:** आरपी पेंडिंग(प्रत्येक हेतु)। प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि विस्तृत नियम और शर्तों के लिए **www.ireps.gov.in** का ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।
SDAH-126/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# वंचित अभ्यर्थियों ने एसएससी भर्ती अधिसूचना पर हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

❑ **अगले सप्ताह शीर्ष अदालत में मामले की सुनवाई होने की संभावना है।**

**कोलकाता :** नौकरी गंवाने वाले उम्मीदवारों के एक वर्ग ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की भर्ती से संबंधित नई अधिसूचना पर कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक मामला दायर किया है। अगले सप्ताह शीर्ष अदालत में इस मामले की सुनवाई होने की संभावना है। 26,000 नौकरियों को रद करने के बाद एसएससी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए एक नई भर्ती अधिसूचना जारी की। लेकिन नौकरी चाहने वाले इस पर कई आपत्तियां लेकर हाई कोर्ट चले गए। हाई कोर्ट ने इससे संबंधित सभी मामलों को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि एसएससी अधिसूचना में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी है कि 2016 की भर्ती अधिसूचना 2016 जैसी ही होनी चाहिए। 2025 की भर्ती 2025 के नियमों के अनुसार नहीं हो सकती। आयोग की अधिसूचना में आयु सीमा में छूट, रिक्तियों की संख्या में वृद्धि और अंकों से संबंधित कई नियमों पर आपत्तियां उठाई गई हैं। हालांकि, हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कहा गया था कि नई भर्ती प्रक्रिया में योग्य अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट दी जानी चाहिए। याचिकाकर्ताओं को इन दोनों सूचियों में शामिल नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, 22 अप्रैल, 2024 के हाई कोर्ट के फैसले या तीन अप्रैल, 2025 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि भविष्य में रिक्तियों की संख्या नहीं बढ़ाई जा सकती।

फिर, इस बात का भी कोई उल्लेख नहीं है कि राज्य या आयोग भर्ती के लिए नए नियम या कानून नहीं बना सकते। एसएससी भर्ती प्रक्रिया में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। पहले यह 45 प्रतिशत था।

## पूजा से पहले होगी एसएससी की परीक्षा

**एसएससी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। निर्धारित समय पर अधिसूचनाएं जारी कर दी गई हैं। फॉर्म भरने का काम भी ज़ोरों पर चल रहा है। फॉर्म भरने की तारीख 21 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। हालांकि, परीक्षा कब होगी, इसे लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, एसएससी 9वीं-10वीं और 11वीं-12वीं की परीक्षाएं पूजा से पहले हो सकती हैं। खबर है कि एसएससी 7 और 14 सितंबर को परीक्षाएं आयोजित कर सकता है। इस संबंध में सरकार और सरकारी शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को निर्देश भेज दिया गया है।**

## मालदह में तृणमूल पार्षद की हत्या के आरोपी बबलू ने अदालत में किया आत्मसमर्पण

❑ **उस पर दो लाख रुपये का था ईनाम**

**मालदह :** जिले के इंग्लिशबाजार नगरपालिका के तृणमूल पार्षद बाबला सरकार की हत्या के आरोपियों में से एक बबलू यादव ने मालदह अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी ने शुक्रवार की सुबह अदालत में आत्मसमर्पण किया। इंग्लिशबाजार पुलिस उसकी हिरासत की मांग के लिए अदालत में एक आवेदन दायर करने वाली है। बताया गया है कि दुलाल सरकार उर्फ बाबला की हत्या के आरोपियों में से एक बबलू यादव है। हत्या की घटना के बाद से वह फरार था। मालदह जिला पुलिस ने उसकी तस्वीर और सूचना देने वाले को दो लाख रुपये के इनाम देने की घोषणा की थी। लेकिन साढ़े छह महीने बाद भी उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका। हालांकि, इस दिन, मालदह शहर के महानंदपल्ली निवासी बबलू यादव ने खुद अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके साथ ही इस घटना में कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि इसी साल 2 जनवरी को सुबह करीब 10:30 बजे मालदह के तृणमूल नेता दुलाल सरकार की उनके प्लाईवुड कारखाने के पास हत्या कर दी गई थी। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस ने घटना के दिन ही बिहार के कटिहार जिले के रहने वाले दो सुपारी किलर समी अख्तर और अब्दुल गनी को गिरफ्तार कर लिया। उसी दिन पुलिस ने इंग्लिशबाजार थाने के अंतर्गत जादूपुर, गबगाछी के रहने वाले टिंकू घोष नामक एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अगले दिन इंग्लिशबाजार कस्बे के दो निवासियों अभिजीत घोष और अमित रजक को गिरफ्तार किया गया। बबला हत्याकांड में तृणमूल नेता नरेंद्रनाथ तिवारी का नाम सामने आया था। पुलिस ने उसे हत्या के मुख्य मास्टरमाइंड के तौर पर गिरफ्तार किया। उसके करीबी सहयोगी स्वपन शर्मा को भी गिरफ्तार किया गया। कृष्णा रजक उर्फ रोहन नामक एक अन्य आरोपी को बिहार से गिरफ्तार कर लाया गया।



## वोल्टास ने लॉन्च की फ्लो सीरीज़ फैन रेंज - स्टाइलिश लुक, कम बिजली की खपत

**मुंबई/कोलकाता :** टाटा समूह की कंपनी और भारत के नंबर 1 एसी ब्रांड वोल्टास ने अपनी नई 'फ्लो सीरीज़' बीएलडीसी सीलिंग फैन रेंज लॉन्च की है। ये पंखे न सिर्फ बिजली की बचत करते हैं, बल्कि अपने आकर्षक डिज़ाइन और बेहतर एयरफ्लो के कारण आधुनिक घरों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हैं। वोल्टास की इस नई पेशकश से ज़ाहिर होता है कि कंपनी ने स्मार्ट और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स देने के अपने वादे को और मजबूत किया है, जिससे ग्राहकों को बेहतर कूलिंग और आराम का अनुभव मिल सके। नई रेंज के लॉन्च पर वोल्टास के प्रबंध निदेशक (डेज़िगनेट) मुकुंदन मेनन ने कहा, वोल्टास ने कूलिंग और कंफर्ट के क्षेत्र में एक मज़बूत पहचान बनाई है और हम एयर कंडीशनर सेगमेंट में बाज़ार के अग्रणी ब्रांड हैं। अब हम अपनी इस विशेषज्ञता को आगे बढ़ाते हुए अन्य कूलिंग उत्पादों की श्रेणियों में भी कदम रख रहे हैं।

## अब आम बसों की भी मिलेगी रियल टाइम जानकारी: अगस्त तक 65 रूट होंगे 'यात्री साथी' ऐप से जुड़े

**कोलकाता :** राज्य सरकार की 'यात्री साथी' मोबाइल ऐप के तहत अब केवल सरकारी एसी बस ही नहीं, बल्कि सामान्य सरकारी और निजी बसों को भी लाया जा रहा है। इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 65 बस रूटों को अगस्त के अंत तक ऐप के दायरे में लाने का फैसला लिया गया है। इसमें 40 रूट सरकारी और 25 रूट निजी बसों के होंगे। इस संबंध में गुरुवार को मॉयदान टेंट में परिवहन सचिव सौमित्र मोहन की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न निजी बस संगठनों के प्रतिनिधि, साथ ही कोलकाता, हावड़ा और बिधाननगर नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे। 'यात्री साथी' ऐप की मदद से अब यात्री बस स्टॉप पर खड़े रहकर यह जान सकेंगे कि कौन-सी बस कितनी देर में आने वाली है। इसके अलावा, हर बस स्टॉप पर डिजिटल सूचना बोर्ड लगाने की भी योजना है, जिन पर बसों की लाइव स्थिति प्रदर्शित होगी। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। हालांकि, कुछ यात्रियों का कहना है कि सिर्फ ऐप लाना काफी नहीं, पहले बसों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। अन्यथा तकनीक का फायदा सीमित रह जाएगा। बैठक के बाद वेस्ट बंगाल बस-मिनिबस ओनर्स एसोसिएशन के महासचिव प्रदीपनारायण बोस ने कहा, हम सरकार के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। अगस्त तक हमारी संस्था के 8 रूट ऐप के तहत आ जाएंगे। इसी तरह, सिटी सबअर्बन बस सर्विसेस के सचिव टिटु साहा ने भी कहा कि उनकी संस्था के कई रूट जल्द ही ऐप से जोड़े जाएंगे और सरकार के हर प्रयास में सहयोग किया जाएगा। यह पहल राजधानी कोलकाता समेत पूरे महानगर क्षेत्र में स्मार्ट और पारदर्शी सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## एसएमपी कोलकाता और टीएनएसलॉजी-पार्क प्रा. लि. हुगली रिवरफ्रंट के विकास के लिए आए साथ

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहरी नवीनीकरण और पवित्र स्थलों के संरक्षण के साझा दृष्टिकोण रूप में, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीके) और टीएनएसलॉजी-पार्क प्राइवेट लिमिटेड ने ऐतिहासिक दई-घाट को पुनर्जीवित करने के लिए एक उल्लेखनीय यात्रा की औपचारिक शुरुआत की है। टीएनएसलॉजी-पार्क प्राइवेट लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत हस्ताक्षरित यह महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) इस महत्वपूर्ण स्थल के पुनर्विकास, नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण के एक नए चरण की शुरुआत का प्रतीक है।इस परिवर्तनकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर 15, स्ट्रैंड रोड, कोलकाता में स्थित एसएमपीके मुख्यालय में हुआ। कार्यवाही एसएमपीके के अध्यक्ष श्री रथेन्द्र रमण की विशिष्ट उपस्थिति से सम्पन्न हुई जिनके नेतृत्व में हम अग्रसर है। इस अवसर पर श्री सम्राट राही, उपाध्यक्ष एसएमपीके और टीएनएस लॉजी-पार्कप्राइवेटलिमिटेडके सम्मानित सदस्य श्री आर. पी. सिंह, सीईओ,आदित्य सिंह, सीएफओ; और विशाल सिंह, परिचालन प्रबंधक तथा एसएमपीके के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इससे पहले, एसएमपीके ने अडानी ग्रुपऔर पीएस रियल्टी ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के साथ क्रमशः कुमारटोली और निमतल्ला घाट के जीर्णोद्धार के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एसएमपी कोलकाता के अध्यक्ष, रथेन्द्र रमणने एक महत्त उद्देश्य के साथ इस सहयोगात्मक प्रयास के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पहल सतत शहरी विकास और हमारी सांस्कृतिक विरासत के पोषित ताने-बाने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत प्रतिबिंब है। इस घाट का जीर्णोद्धार हुगली रिवरफ्रंट को विकसित करने और इसके सौंदर्य में और वृद्धि करने की एसएमपीके की पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




## सियालदह मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 20 जुलाई को ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के राणाघाट स्टेशन पर लाइन नंबर 4 की सीएसआर (सीएसआर) क्षमता बढ़ाने हेतु प्वाइंट नंबर 116 ए/बी को हटाने का कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य को पूरा करने के लिए 19 जुलाई (शनिवार) रात 11:00 बजे से 20 जुलाई (रविवार) रात 11:59 बजे तक नॉन-इंटरलॉकिंग गतिविधियां की जाएंगी। इसके चलते, इस अवधि में कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है, जिनमें कुछ ट्रेनें रद्द की गई हैं और कुछ को आंशिक रूप से संचालित किया जाएगा। 20 जुलाई को रद्द की गई ट्रेनों में राणाघाट-शांतिपुर खंड की अप ट्रेनें 31785, 31781 और 31783 तथा डाउन ट्रेनें 31788, 31782 और 31786 शामिल हैं। इसी प्रकार, राणाघाट-कृष्णनगर खंड की अप ट्रेनें 31723 और 31725 तथा डाउन ट्रेनें 31722 और 31726 रद्द रहेंगी। इसके अलावा, 33752 बनगांव-शांतिपुर लोकल ट्रेन को शांतिपुर के बजाय राणाघाट स्टेशन पर ही समाप्त कर दिया जाएगा। वहीं, 33751 शांतिपुर-बोंगांव लोकल ट्रेन की शुरुआत शांतिपुर से न होकर राणाघाट से की जाएगी।






जेआईएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक सरदार तरणजीत सिंह ने एसोचैम द्वारा आयोजित एडुमीट 2025 में ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त (पूर्वी एवं उत्तर-पूर्व भारत) डॉ. एंड्रू फ्लेमिंग को सम्मानित किया।

## सियालदह मंडल ने यात्रियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाया व्यापक टिकट जांच अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल ने बारासात-बनगांव और सियालदह-नैहाटी खंडों में व्यापक टिकट जांच अभियान का सफलता-पूर्वक संचालन किया। यह विशेष अभियान प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर डॉ. उदय शंकर झा के नेतृत्व में डिविजनल कमर्शियल मैनेजर शशी रंजन की उपस्थिति में चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा, बिना बुक किए सामान के साथ यात्रा और रेलवे परिसरों में गंदगी फैलाने जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण पाना था। इस अभियान के दौरान बारासात-बनगांव खंड में 605 और सियालदह-नैहाटी खंड में 644 मामलों का पता चला। इन मामलों से 1,54,720 और 1,75,195 का राजस्व वसूला गया। इस प्रकार कुल 3,29,915 की राशि रेलवे के बकाया राजस्व के रूप में वसूली गई।

इस अवसर पर सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि यह अभियान केवल दंडात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यात्रियों को जिम्मेदार यात्रा व्यवहार के प्रति जागरूक करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को वैध टिकट रखने, निर्धारित नियमों के तहत सामान लाने और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को समझाना आवश्यक है।



रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का धमाकेदार आगाजः

## निकिता गांधी और डिनो जेम्स का नया ट्रैक 'सिघ' हुआ रिलीज

**दुर्गापुर, समाज्ञा :** रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ने यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप के सहयोग से अपने दूसरे सीज़न की शुरुआत धमाकेदार तरीके से की है। सीज़न का पहला ओरिजिनल ट्रैक 'डखत्रक्क' निकिता गांधी और डिनो जेम्स की दमदार जोड़ी के साथ लॉन्च किया गया है। यह गाना एक अनोखा मेल है - जहां बॉलीवुड की भावनात्मक मेलोडी मिलती है हिप-हॉप की ऊर्जा से। 'SIGH' आत्म-स्वीकृति, आत्मविश्वास और साहसिक फैसलों की कहानी को बयां करता है। गायिका निकिता गांधी ने कहा, डिनो के साथ काम करना रोमांचक रहा, यह ट्रैक प्रयोग और स्वतंत्रता का अनुभव है।

रैपर डिनो जेम्स ने कहा, 'SIGH' असली, ईमानदार और बोल्ड है - यह वही है जो हम कहना चाहते थे। रॉयल स्टैग के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने बताया कि यह ट्रैक ब्रांड की 'लिव इट लार्ज' भावना को दर्शाता है, जो युवाओं को अपनी पहचान खुलकर जीने के लिए प्रेरित करता है।

जल्द ही इस सीज़न के दो और धमाकेदार गाने 'सजना' (नीति मोहन और पैंथर) और 'मेबी' (अरमान मलिक और इक्का) भी रिलीज होंगे।

## आईकू ज़ेड10आर 24 जुलाई को होगा लॉन्च

**नई दिल्ली/कोलकाता :** आईकू 24 जुलाई को आईकू ज़ेड10आर लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। छात्रों और नए कंटेंट क्रिएटर्स के लिए तैयार यह स्मार्टफोन 4के फ्रंट और रियर कैमरा, अल्ट्रा-स्लिम क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले और सेगमेंट-लीडिंग मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7400 प्रोसेसर के साथ आता है, जो उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प है जो हमेशा ऑन-द-गो रहते हैं और ऑनलाइन एक्टिव रहते हैं। चाहे कंटेंट बनाना हो, क्लासेज अटेंड करनी हों, रील्स स्क्रॉल करनी हों, ब्रेक में गेमिंग करनी हो या मल्टीपल ऐप्स के बीच स्विच करना हो - आईकू ज़ेड10आर को तेज़-तर्रार, मल्टीटास्किंग लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

## स्कॉटिश चर्च कॉलेज में हस्तशिल्प प्रदर्शनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** शांतिनिकेतन स्थित संस्था 'आमार कुटिर' और कोलकाता के ऐतिहासिक स्कॉटिश चर्च कॉलेज ने राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। राज्य के विभिन्न जिलों की महिलाओं को हस्तशिल्प और स्व-उद्यम के माध्यम से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर व्यापार की दिशा दिखाने के उद्देश्य से इन दोनों संस्थाओं ने मिलकर दो दिवसीय एक विशेष हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। इस प्रदर्शनी में भाग लिये महिलाओं ने नक्शीकांथा, टाई एंड डाई, बाटिक सहित विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया। इस दो दिवसीय आयोजन ने न केवल ग्रामीण और शहरी महिलाओं के हुनर को एक मंच प्रदान किया, बल्कि उन्हें डिजिटल युग के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ने का उत्साह भी दिया।

## मेट्रो रेलवे का 'अनुवाद इंटर्नशिप कार्यक्रम' पर कार्यशाला का आयोजन



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा चल रहे 'अनुवाद इंटर्नशिप कार्यक्रम' के अंतर्गत 'अनुवाद और व्याकरण' के विभिन्न पहलुओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में दक्षिण मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ. श्याम सुंदर साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। गौरतलब है कि मेट्रो रेलवे का राजभाषा विभाग, कोलकाता के प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय के स्नातक छात्रों के लिए 40 दिवसीय 'अनुवाद इंटर्नशिप कार्यक्रम' आयोजित कर रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को अनुवाद के क्षेत्र में गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। मुख्य वक्ता डॉ. श्याम सुंदर साहू ने अनुवाद और व्याकरण से संबंधित विषयों पर गहन जानकारी साझा की। उन्होंने छात्रों एवं मेट्रो रेलवे के राजभाषा विभाग के कर्मचारियों को विषय के विभिन्न पक्षों को सरलता से समझाया और प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी किरण बोस भी उपस्थित रहीं। उन्होंने डॉ. साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सस्नेह इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता बनने का आमंत्रण स्वीकार किया, इसके लिए हम उनके अत्यंत आभारी हैं।

## कोलकाता में 'लोन एंड फाइनेंस मेला एवं बीएफएसआई कॉन्क्लेव 2025' का सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एमएसएमई एंड स्टार्टअप एक्सेलरेटर्स (एमएएसए) द्वारा, वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन (सीडबल्यूबीटीए) के सहयोग से और एसबीआई द्वारा पॉवर्ड तथा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा को-पॉवर्ड 'लोन एंड फाइनेंस मेला एवं बीएफएसआई कॉन्क्लेव 2025' का भव्य आयोजन कोलकाता के होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व सीडबल्यूबीटीए एवं एमएएसए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, उपाध्यक्षों सी.के. वर्धराजन और विभोर टंडन, संयोजक प्रदीप लुहारिवाला, सचिव प्रज्ञा झुनझुनवाला और निदेशक इरा साहा ने किया। इस कार्यक्रम में नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज़ कॉर्पोरेशन संस्थागत भागीदार के रूप में शामिल रहा। कॉन्क्लेव में बी.डी. सुराणा (सुराणा इक्विटी -एचआर इक्विटी कंसल्टेंसी), अजय चौधरी (संस्थापक, मनाफुली), रजनीश कुमार (हेड ऑफ एसएमई, एसबीआई), सत्यश्री तुंगर (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं ज़ोनल हेड, एचडीएफसी बैंक), तरुण कुमार गुप्ता (अध्यक्ष, एसीएई), आनंद मैथ्यू स्टेनली (एजीएम, साउथ इंडियन बैंक) और बिक्रम सराफ (डायरेक्टर, वैल्यू एक्सिस इक्विटी) जैसे विशेषज्ञों ने जानकारीपूर्ण सत्रों को संबोधित किया।

एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, बंधन बैंक, पीएनबी और साउथ इंडियन बैंक जैसे अग्रणी बैंकों की सक्रिय भागीदारी ने एमएसएमई और स्टार्टअप्स को वित्तीय योजनाओं, रणनीतियों और बैंकिंग पेशेवरों के साथ नेटवर्किंग का एक मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान किया। इस आयोजन में सुराणा इक्विटी, मनाफुली ग्रुप, स्काईकिंग, और आईएनएसडी कोलकाता ने इकोसिस्टम और ग्रोथ पार्टनर के रूप में सहयोग दिया। कार्यक्रम में 300 से अधिक एमएसएमई की भागीदारी रही, जिन्हें वित्तपोषण योजनाओं और संपत्ति निर्माण के अवसरों की व्यापक जानकारी प्राप्त हुई।



## कसबा सामूहिक दुष्कर्म : गंभीर शिकायतों के बावजूद संस्थान ने मुख्य आरोपित के खिलाफ नहीं की कोई कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साउथ कलकत्ता ला कालेज की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में मुख्य आरोपित मनोजित मिश्रा के खिलाफ विभिन्न समय पर कई गंभीर शिकायतें दर्ज किए जाने के बावजूद संस्थान की प्रबंधन समिति ने मामूली कार्रवाई भी नहीं की। ला कालेज की ओर से सौंपे गए रिपोर्ट व दस्तावेजों की जांच के बाद कलकत्ता विश्वविद्यालय की जांच टीम के सदस्यों को यह पता चला है। जांच टीम के एक सदस्य ने बताया कि मनोजित के खिलाफ रैगिंग, यौन उत्पीड़न, शारीरिक शोषण, धमकियां आदि की शिकायतें दर्ज कराई गईं। लेकिन जब भी इसे प्रबंधन समिति में चर्चा के लिए लाया गया, इसे टाल दिया गया। कहा गया था कि इस मामले पर बाद में बात होगी। जांचकर्ताओं के मुताबिक प्रबंधन समिति ने एक तरह से मनोजित को सुरक्षा प्रदान की। बताते चलें कि छात्रा के साथ 25 जून को कालेज परिसर में सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। इस सिलसिले में पूर्व छात्र एवं संविदा कर्मचारी मनोजित मिश्रा और दो छात्रों जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी तथा कालेज के एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया गया है।

## बारासात में 42 लाख की बैंक धोखाधड़ी, गलत खाते में गई रकम पुलिस ने की बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारासात में एक चौंकाने वाला बैंक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने बैंक मैनेजर को 42 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए जमा किए, लेकिन यह बड़ी राशि उसके अपने खाते में जमा होने के बजाय किसी और के गलत खाते में चली गई। जब पीड़ित ने इस मामले को बैंक अधिकारियों के सामने उठाया, तो मुख्य शाखा से भी उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आखिरकार, पीड़ित ने बारासात थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और आखिरकार 42 लाख की पूरी राशि बरामद कर पीड़ित को लौटा दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में इस घोटाले में बैंक के ही किसी कर्मचारी की संलिप्तता का संदेह जताया गया है। हालांकि, जांच के हित में पुलिस ने अभी तक पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। सूत्रों के अनुसार, इस पूरे घोटाले के पीछे एक संगठित गिरोह हो सकता है, जिसकी तलाश में बारासात पुलिस जुटी हुई है।

## ग्लोबल हेल्दी वर्कप्लेस समिट एंड अवार्ड्स की मेजबानी करेगा गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप

**कोलकाता :** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने भारत और दुनिया की बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए गोदरेज वन, मुंबई में दो दिवसीय ग्लोबल हेल्दी वर्कप्लेस समिट एंड अवार्ड्स कार्यक्रम की मेजबानी के लिए द ग्लोबल सेंटर फॉर हेल्दी वर्कप्लेसेज (जीसीएचडब्ल्यू) और आरोग्य वर्ल्ड के साथ साझेदारी की है। शिखर सम्मेलन की मेजबानी के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के ग्रुप हेड कॉर्पोरेट सर्विसेज, अजय भट्ट ने कहा, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप में, हमने हमेशा पारंपरिक प्रथाओं से परे स्वास्थ्य और भलाई को बढ़ावा देने वाले प्लेटफार्मों और जनसहभागिता की आवश्यकता को बढ़ावा दिया है। द ग्लोबल सेंटर फॉर हेल्दी वर्कप्लेसेज और आरोग्य वर्ल्ड के साथ साझेदारी स्वस्थ कार्यस्थलों का समर्थन करने की हमारी संस्कृति के साथ मेल खाती है। हम कॉर्पोरेट इंडिया को ऐसी रणनीतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करते हैं, जो दूरंदेशी हों, समग्र कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता दें और आज के तेजी से विकसित हो रहे कार्यस्थलों में उनकी अद्वितीय जटिलताओं का समाधान करने में सक्षम हों।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया किफायती टाटा ऐस प्रो, शुरुआती कीमत 3.99 लाख

**कोलकाता, समाज्ञा :** टाटा मोटर्स ने कार्गो परिवहन को नया आयाम देते हुए 'टाटा ऐस प्रो' को लॉन्च किया है, जो मात्र 3.99 लाख की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है और भारत का सबसे किफायती फोर-व्हील मिनी ट्रक है। पेट्रोल, बाय-फ्यूल (सीएनजी + पेट्रोल) और इलेक्ट्रिक वैरिएंट्स में उपलब्ध यह वाहन खासतौर पर नए उद्यमियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। ग्राहक इसे टाटा मोटर्स के देशभर में फैले 1250 से अधिक टचपॉइंट्स या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'फ्लीट वर्स' पर बुक कर सकते हैं। आसान फाइनेंस के लिए कंपनी ने प्रमुख बैंकों व एनबीएफसी के साथ भागीदारी की है। ऐस प्रो 750 किलोग्राम की पेलोड क्षमता, 6.5 फीट डेक और मजबूत चेसिस के साथ आता है। इसमें आधुनिक फीचर्स, आरामदायक केबिन, स्मार्ट कनेक्टिविटी और 2500+ सर्विस सेंटर की सुविधा भी है, जो इसे छोटे कारोबारियों के लिए बेहद भरोसेमंद बनाता है।




## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आयोजित किया राष्ट्रव्यापी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

❑ **प्रतियोगिता में कोलकाता और आसपास के 42 कालेजों के छात्रों ने लिया भाग**

**कोलकाता :** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), कोलकाता ने राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला में आधिकारिक आंकड़ों पर शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'अन्वेषा 2.0ळ का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कोलकाता में बिड़ला औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय (बीआइटीएम) में आयोजित इस प्रतियोगिता में महानगर और उसके आसपास के उपनगरीय क्षेत्रों के 42 कालेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक कालेजों से दो-दो छात्रों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। एनएसओ के तहत इंटरप्राइज सर्वे डिवीजन (ईएनएसडी) के उप महानिदेशक एसके भानावत ने स्वागत भाषण दिया। ईएनएसडी के एडीजी सलिल मुखोपाध्याय ने रोजमर्रा की जिंदगी में सांख्यिकी की प्रासंगिकता और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में इसकी भूमिका पर जोर दिया। एफओडी (क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता) के उप महानिदेशक संजीब बसु ने सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में सांख्यिकी के छात्रों के लिए करियर की अपार संभावनाओं पर बात की। क्विज की शुरुआत 20 प्रश्नों वाले एक प्रारंभिक लिखित दौर से हुई, जिसके आधार पर शीर्ष 10 टीमों को अंतिम दौर के लिए चुना गया। गहन प्रतियोगिता के बाद ग्लोबसिन बिजनेस स्कूल के छात्र प्रथम (चैंपियन) रहे। विजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को उनके सराहनीय प्रयास के लिए सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रथम विजेता टीम को ट्राफी व 10 हजार रुपये का चेक जबकि दूसरे विजेता को ट्राफी व छह हजार रुपये एवं तीसरे विजेता को ट्राफी व चार हजार का चेक प्रदान किया गया। एडीजी अजय बक्सी भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहे। आयोजन में सहायक निदेशक अतनु हाइत व अन्य अधिकारियों का अहम योगदान रहा।

उप महानिदेशक संजीब बसु ने बताया कि केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय अंतर्गत कार्यरत इस संस्था के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो 20 अक्टूबर तक चलेगा। जिसका उद्देश्य साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण में एनएसएस डेटा की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना, राष्ट्र निर्माण में डेटा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सभी क्षेत्रों के हितधारकों को शामिल करना है।



कोलकाता में शुक्रवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को ट्राफी प्रदान करते राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी।

# माथाभांगा में भाजपा विधायक पर हमला व गाड़ी में भी तोड़फोड़

**❑ तृणमूल कार्यकर्ताओं पर आरोप**



**कूचबिहार :** जिले में शुक्रवार की दोपहर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से कथित तौर पर जुड़ी भीड़ ने भाजपा के विधायक सुशील बर्मन पर हमला करके उनके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद विधायक ने पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, हमले में बर्मन के एक सुरक्षा कर्मी और उनके निजी सहायक को चोटें आई हैं। यह घटना घोक्साडांगा रेलवे स्टेशन पर हुई, जहां माथाभांगा के विधायक कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सवार होने के लिए पहुंचे थे।

अधिकारी ने कहा कि जब बर्मन वहां पहुंचे तो वहां कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और उनसे पिछले चार सालों में एक विधायक के रूप में निर्वाचन क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में पूछा। स्थिति तब और बिगड़ गई जब विधायक अपना आपा खो बैठे और वहां मौजूद लोगों से बहस करने लगे। उसी दौरान विधायक के वाहन पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर विधायक के वाहन पर पत्थर फेंके, जिससे उसका पिछला शीशा टूट गया। बर्मन जैसे ही घोक्साडांगा पुलिस थाने पहुंचे तृणमूल कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बाहर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। एक तृणमूल कार्यकर्ता ने कहा कि जब बर्मन यहां पहुंचे तो हम शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। हमने विधायक से पूछा कि उन्होंने पिछले चार सालों में इस निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए क्या किया है। उस समय वह अपना आपा खो बैठे।

# सैकड़ों फर्जी प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल कर कई फर्जी पासपोर्ट बनाने वाला गिरफ्तार

## पुलिस ने इकबालपुर से हुबीबुर रहमान नामक एक आरोपित को दबोचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने एक और फर्जी पासपोर्ट मामले में इकबालपुर इलाके के निवासी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम हबीबुर रहमान है। उसे अलीपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश कर 25 जुलाई तक रिमांड पर लिया गया है। सरकारी वकील के अनुसार आरोपित फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर पासपोर्ट बनाता था। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने के लिए आवेदन किया गया था। जांचकर्ताओं का दावा है कि हबीबुर ने दक्षिण 24 परगना के गोसाबा की पठानखाली पंचायत के नाम का इस्तेमाल कर



फर्जी जन्म प्रमाण पत्र एकत्र किए थे। गौतम सरदार नामक एक कार्यकर्ता की मिलीभगत से ऐसे तीन सौ से अधिक प्रमाण पत्र बनाए गए। गौतम फिलहाल जेल में हिरासत में है। बताते चलें कि कोलकाता पुलिस के सुरक्षा नियंत्रण संगठन (एससीओ) के अधिकारी भवानीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर इस पासपोर्ट धोखाधड़ी की जांच कर रहे हैं। जांचकर्ताओं का दावा है कि हबीबुर इस मामले में 'बिचौलियों' में से एक है। जांचकर्ता हबीबुर से पूछताछ करके यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसके जरिए कितने फर्जी प्रमाणपत्र व पासपोर्ट बनाए गए। यहां यह भी प्रश्न उठता है कि अगर इस तरह से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर बांग्लादेशी घुसपैठिये पासपोर्ट, आधार और वोटर आइकार्ड तक बनाया है तो ऐसे को बंगाल का नागरिक कहा जा सकता है? क्योंकि वे तो बांग्ला बोलते हैं और उसके पास यहां के दस्तावेज भी हैं।

## सड़ी-गली हालत में मिला युवक का शव

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बी गार्डन थानांतर्गत कालेमार्केट इलाके में शुक्रवार की सुबह एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान रणजीत दे(42) उर्फ रनोय के रूप में हुई है, जो पेशे से टोटो (ई-रिक्शा) चालक था। स्थानीय लोगों के अनुसार, रणजीत को मंगलवार रात आखिरी बार देखा गया था जब वह खाना लेकर अपने घर लौट रहा था। इसके बाद से वह लापता था और किसी ने उसे बाहर नहीं देखा। शुक्रवार सुबह जब घर से तेज दुर्गंध आने लगी, तो पड़ोसियों ने बी गार्डन थाना को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा खोला, तो अंदर रणजीत का शव सड़ा-गला अवस्था में पड़ा मिला। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस अन्य संभावनाओं को भी खारिज नहीं कर रही है।

# डिजिटल अरेस्ट मामले 9 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

## कल्याणी अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय ने सुनाई सजा

**कोलकाता, समाज्ञा**

करोड़ों रुपये के डिजिटल अरेस्ट मामले में देश में पहली बार आरोपियों को सजा की घोषणा की गई है। बता दें कि नदिया जिला के रानाघाट साइबर पुलिस स्टेशन ने दिसंबर 2024 में महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात और राजस्थान में कई जगहों पर छापेमारी कर कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया था। गत गुरुवार को कल्याणी स्थित अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय में इनमें से 9 लोगों को दोषी ठहराया गया। शुक्रवार को अदालत ने सभी 9 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल है। आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक, पैन कार्ड समेत कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। साथ ही, जांच के दौरान कुल 100 बैंक खाते सील किए गए, जिनमें चार लाख रुपये से ज्यादा जमा थे। उल्लेखनीय है कि 6 नवंबर, 2024 को एक व्यक्ति ने नदिया के कल्याणी साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उसके साथ एक करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी देश के विभिन्न हिस्सों में फैले हुए हैं। परिणामस्वरूप, राणाघाट पुलिस ज़िले के साइबर अपराध विभाग ने चार राज्यों में छापेमारी की और एक-एक करके सभी को गिरफ़्तार कर लिया।

सूत्रों के अनुसार, जालसाज़ 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर भोले-भाले नागरिकों को फ़र्ज़ी वकील और पुलिस अधिकारी बनकर फ़ोन करते थे और उन्हें धमकाकर पैसे ऐंठते थे। इस मामले में दोषी पाए गए अभियुक्तों की सज़ा पर सुनवाई पहले ही पूरी हो चुकी है। इस दिन, अदालत ने दोषियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है।

# दक्षिण 24 परगना में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 18 गिरफ्तार

## पुलिस ने मौंके से 24 मोबाइल फोन, 22 कंप्यूटर हार्ड डिस्क, 2 राउटर, 6 हेडसेट और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के साइबर थाना ने गुरुवार की रात दक्षिण 24 परगना के जोध भीम रोड स्थित एक अवैध कॉल सेंटर पर संयुक्त अभियान चलाया। पता चला है कि एक गुप्त सूचना के आधार पर, साइबर पीएस कोलकाता के अंतर्गत एक टीम ने यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान, पहली मंजिल पर स्थित कार्यालय से 18 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। मौके से 24 मोबाइल फोन, 22 कंप्यूटर हार्ड डिस्क, 2 राउटर, 6 हेडसेट और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए। इनमें ग्राहकों का डेटा, कॉल लीड, डायलर स्क्रीनशॉट और रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर की जानकारी शामिल है। पुलिस को संदेह है कि इस अवैध कॉल सेंटर को चलाकर लंबे समय से धोखाधड़ी की जा रही थी। इस गिरोह के मास्टरमाइंड वदूद अहमद और



स्थानीय लॉजिस्टिक्स हैंडलर माजिद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार लोगों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66, 66सी, 66डी, 84बी और 43 तथा संशोधित भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 61(2), 319(2), 318(4), 336(2), 336(3), 338 और 340(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। ऑपरेशन से मिली जानकारी के आधार पर, बाद में वदूद के एक अन्य कार्यालय, अला फ़ैशन, की तलाशी ली गई। 1बी/24, कुस्तिया रोड, तपसिया स्थित उस कार्यालय से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए, जिनमें फ्लैट संबंधी अनुबंध, श्रम रोजगार अनुबंध, विभिन्न 'लीव एंड लाइसेंस' समझौते और वदूद के नाम की चेकबुक शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बरामद दस्तावेज़ों और सॉफ़्टवेयर डेटा का फ़ोरेंसिक विश्लेषण करके गिरोह के और सदस्यों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि देश के विभिन्न राज्यों के कई लोग इस गिरोह के शिकार हैं।

## बंधन बैंक का कुल कारोबार बढ़कर 2.88 लाख करोड़ रुपये हुआ, खुदरा जमा में 68% की हिस्सेदारी





**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी करते हुए बताया कि उसका कुल कारोबार 11% की वृद्धि के साथ 2.88 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। बैंक की कुल जमा राशि सालाना आधार पर 16% बढ़कर 1.55 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसमें खुदरा जमा का हिस्सा लगभग 68% रहा। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात 27.1% दर्ज किया गया, जबकि पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 19.4% रहा, जो कि नियामक मानकों से काफी ऊपर है। इसी तिमाही में बैंक का कुल अग्रिम 6% बढ़कर 1.34 लाख करोड़ रुपये हो गया और शुद्ध लाभ 372 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा कि बैंक ने परिचालन दक्षता, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन और डिजिटल नवाचार के बल पर यह प्रगति हासिल की है। बैंक अब अपने खुदरा पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए डिजिटल परिवर्तन के जरिए ग्राहकों को बेहतर सेवा देने पर जोर दे रहा है।

# विवाहित बेटियों को भी मिलेगा सरकारी नौकरी में कोटा - हाईकोर्ट में ऐतिहासिक जीत, राज्य सरकार ने मानी बात

**कोलकाता :** बेटी, चाहे विवाहित हो या अविवाहित, अगर उसके माता-पिता ने सरकारी परियोजना में अपनी ज़मीन खोई है, तो उसे भी सरकारी नौकरी में एक्-सजेम्पटेड कोटा (विशेष आरक्षण) का अधिकार है। कोलकाता हाईकोर्ट ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया और राज्य सरकार ने अंततः इस फैसले को स्वीकार कर लिया।

मामला बीरभूम जिले के बकरेश्वर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से जुड़ा है, जहां ज़मीन अधिग्रहण के बाद राज्य सरकार ने यह नीति बनाई थी कि जिन परिवारों ने ज़मीन खोई है, उनके एक बेरोजगार सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। लेकिन जब एक विवाहित बेटी ने इस कोटे के तहत नौकरी की मांग की, तो श्रम विभाग ने इंकार कर दिया। विभाग ने तर्क दिया कि यह लाभ सिर्फ पुत्र या



अविवाहित पुत्री को ही मिलेगा।

इसके खिलाफ महिला ने कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने सख्त सवाल उठाते हुए कहा, क्या राज्य सरकार बेटा-बेटी में भेदभाव करना चाहती है? क्या विवाहित बेटी संतान नहीं होती? उसे क्यों वंचित किया जाए?

महिला के वकील आशीष कुमार चौधरी ने दलील दी कि यह निर्णय संविधान और लैंगिक समानता के सिद्धांत के खिलाफ है। अदालत ने इस तर्क से सहमति जताई और श्रम विभाग के उस आदेश को लैंगिक भेदभावपूर्ण बताते हुए रद्द कर दिया।

राज्य सरकार ने पहले सिंगल बेंच में और फिर डिवीजन बेंच में अपील की, लेकिन हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा।

आख़िरकार, अदालत की अवमानना के मामले में विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को कोर्ट में पेश होना पड़ा, जहाँ उन्होंने सूचित किया कि आवेदनकर्ता का नाम एक्सजेम्पटेड कोटा में शामिल कर लिया गया है और उन्हें सरकारी लाभ भी दे दिए गए हैं।

यह निर्णय महिला अधिकारों और लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ी कानूनी उपलब्धि मानी जा रही है।

# आईआईटी-खड़गपुर के छात्रावास में बीटेक छात्र का शव लटका बरामद

**❑ पिछले सात महीनों में इस तरह से कुल चार छात्रों की मौत हो हुई है**

**खड़गपुर, समाज्ञा :** खड़गपुर आईआईटी परिसर में फिर एक बार छात्र की रहस्यमयी मौत हो गई। शुक्रवार को परिसर के छात्रावास से एक छात्र का लटकता हुआ शव बरामद किया गया। मृतक छात्र का नाम रितम मंडल है। वह चौथे वर्ष का इंजीनियरिंग छात्र बताया जा रहा है। पता चला है कि पिछले सात महीनों में इस तरह से कुल चार छात्रों की मौत हो चुकी है। बताया गया है कि कोलकाता के रीजेंट पार्क थाना क्षेत्र का निवासी रितम मंडल आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई कर रहा था। वह मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग का एक मेधावी छात्र भी माना जाता था। इस दिन, सुबह में परिसर के छात्रावास के कमरे से छात्र का शव बरामद किया गया। पता चला है कि छात्र परिसर के राजेंद्र प्रसाद हॉल छात्रावास की दूसरी मंजिल के कमरे में रहता था। उसके कमरे का दरवाजा सुबह से ही अंदर से बंद था। अन्य छात्रों ने उसे फोन किया। उसके मोबाइल पर कॉल किया गया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस ने जाकर कमरे का दरवाज़ा तोड़ा। देखा गया कि छात्र का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआत में, जांचकर्ता इसे 'आत्महत्या' मान रहे हैं। हालांकि, अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। घटना की जानकारी होते ही परिसर में सनसनी फैल गई। मृतक के परिवार को भी सूचित कर दिया गया है।

## द्वितीय हुगली ब्रिज पर चलती प्राइवेट गाड़ी में लगी आग

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा से कोलकाता जा रही एक प्राइवेट गाड़ी गुरुवार शाम आग की चपेट में आ गई। यह आग द्वितीय हुगली ब्रिज (विवेकानंद सेतु) पार करते वक्त लगी। जानकारी के मुताबिक, शाम करीब 7:10 बजे गाड़ी से अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही पलों में उसमें भीषण आग लग गई। बताया गया है कि यह गाड़ी भवानी भवन के एक अधिकारी द्वारा हायर की गई थी। गनीमत रही कि आग लगने के तुरंत बाद चालक और अन्य सवार समय रहते गाड़ी से बाहर निकल आए, जिससे किसी के घायल होने की खबर नहीं है। आग की सूचना मिलते ही द्वितीय हावड़ा ब्रिज ट्रैफिक गार्ड की पुलिस और दमकल विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। प्रारंभिक जांच में दमकल विभाग का मानना है कि आग इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी हो सकती है।

# कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी की तीन दिवसीय विलक्षण गो-संस्कार कथा शुरू

**❑ तेजी से नष्ट हो रहा गो-धन, युवा गो-सेवा और न्यायालय गोवध पर पाबंदी का कर्तव्य निभाये : पं. विजय शंकर मेहता**

**कोलकाता :** 'पूरी दुनिया में गो-सेवा एकमात्र सेवा है जिसका प्रभाव रोम-रोम पर पड़ता है। शास्त्रों में लिखा है इस पृथ्वी के सात सूत्रण स्तम्भ है जिस पर पृथ्वी टिकी हुई है। पहला गाय, दूसरा ब्राह्मण, तीसरा वेद, चौथा सती स्त्री, पांचवा सत्यवादी,छठवां लोभ रहित औरस-ातवाँ दानशील। इन सातों में पहला स्थान गाय का है। गाय कभी न खत्म होने वाला मौलिक खजाना है हमारे देश का। जब हम आजाद हुए तो हमारे पास 120 करोड़ की संख्या में गो-धन था और आज 19 करोड़ 30 लाख रह गया है। भारत का गो-धन 75% नष्ट हो गया और 25% बचा है, जिसके लिए ये सब किया जा रहा है। यह उद्गार जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता (हमारे हनुमान परिवार, उज्जैन) ने गो सेवा को समर्पित देश की प्राचीनतम एवं अग्रणी संस्था कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी की ओर से गो-संरक्षण, गो-संवर्धन, गो-पूजन, एवं गो सेवा के क्षेत्र में जन-जागृति हेतु तपसिया के ओजस बैंक्वेट हॉल में आयोजित तीन दिवसीय विलक्षण गो-कथा के पहले दिन की कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। पं. मेहता ने गाय के महत्व पर चिंतन करते हुए कहा कि आज भी भारत में सुबह सूर्य उदय के साथ हर रोज 50 से 60 हजार गायें काट दी जाती हैं। जब आप सुबह चाय पी रहे होते हैं, नाश्ते की प्लेट लिए होते हैं, दफ्तर जाने के लिए तैयार होते है तब हमारी माँ बलि चढ़ चुकी होती हैं। ये तीन दिन की कथा गो-वंश के रक्षा के संकल्प को समर्पित कथा है । इसे पाप और पुण्य से जोड़कर मत सुनिए। अबसमय आ गया है हर भारतीय को सोचने का कि इस त्रासदी से देश को कैसे बचाया जाए । इसके लिए कुछ काम



हमें बड़े योजनाबद्ध तरीके से करने होंगे। इसमें सबसे पहला होगा गो सेवा के क्षेत्र में दो लोगों को एप्रोच करना - नई पीढ़ी और न्यायालय। नई पीढ़ी का कर्तव्य होना चाहिए गो सेवा चालू रहे,न्यायालय का काम हो गोवध बंद हो।

पं. मेहता ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि सकारात्मक ऊर्जा का चलता फिरता संसार गाय है। गो भगवान की इष्ट रही है । भगवान हमारे इष्ट है । तो अपने इष्ट की जो इष्ट रही वो हमारे लिए अतिइष्ट होना चाहिए। छः तरीके से हम गोमाता से जुड़ सकते है। पहला उनका दर्शन इमानदारी से करिए। ये एकमात्र ऐसी प्राणी है जो आपको भावना से जोड़ती है। अगर आप महसूस करे तो गाय बहुत भावना से जुड़ती है।दूसरा स्पर्श करिए, तीसरा पूजन करिए, चौथा स्मरण करिए, पांचवा दान करिए और छठवां गो-ध्यान करिए।

कथा आयोजन का शुभ उद्घाटन आज के कथा यजमान दिलीप चौधरी, सोसाइटी के ट्रस्टी सजन कुमार बंसल, राधेश्याम गोयनका, अध्यक्ष रमेश कुमार सरावगी, मंत्री पवन कुमार टिबड़ेवाला, संरक्षक सत्यनारायण देवरालिया, बनवारी लाल सोती, कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद बंसल, संयोजक देवकीनंदन तोदी और मिडिया प्रमुख सुरेन्द्र कुमार चमड़िया की उपस्थिति में कथा व्यास जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता (हमारे हनुमान परिवार, उज्जैन) के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सुरेन्द्र चमड़िया-राजकमल बांगड़ द्वारा प्रस्तुत 'जय हो जय हो माँ हमारी गोमाता की भावपूर्ण प्रस्तुति के पश्चात यजमान दिलीप चौधरी ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन व कथा व्यास का माल्यार्पण कर वंदन किया। तत्पश्चात ट्रस्टी सजन कुमार बंसल, राधेश्याम गोयनका, कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद बंसल, संरक्षक सत्यनारायण देवरालिया, देवराज रावलवासिया, बनवारीलाल सोती, रामस्वरूप अग्रवाल, बिनोद केडिया, गौरीशंकर कालुका, कमल केडिया, सुरेन्द्र पटावरी, बिमल मल्लावत, नितिन सिंघी, अनुराग गुप्ता, संदीप तुलस्यान आदि गणमान्य लोगों ने भी व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद बंसल ने आयोजन के उद्देश्य, सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश कुमार सरावगी ने सोसाइटी के 140 वर्षों के गोसेवा कार्यों का संक्षिप्त विवरण और मंत्री पवन कुमार टिबड़ेवाला ने सोसाइटी की वर्तमान सेवाओं और भावी प्रकल्पों पर प्रकाश डाला। संचालन प्रकाश चंडालिया ने किया। मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र चमड़िया ने बताया कि दूसरे दिन 19 जुलाई की कथा में पं. मेहता पारिवारिक जीवन को भगवान शिव तथा तमोगुण से जोड़ते हुए मन की व्याख्या करेंगे। कथा का समय 4 बजे से 7 बजे तक रहेगा।

# बीरभूम में तृणमूल कांग्रेस में गुटबाज़ी! एक साथ 6 क्षेत्रीय अध्यक्षों ने दिया इस्तीफा

**बीरभूम :** आगामी वर्ष में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर गुटबाज़ी और असंतोष के संकेत मिल रहे हैं। बीरभूम जिले के रामपुरहाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदबाज़ार ब्लॉक के छह क्षेत्रीय तृणमूल अध्यक्षों ने एक साथ पद से इस्तीफा दे दिया है।

सूत्रों के अनुसार, जिन क्षेत्रों के अध्यक्षों ने इस्तीफा दिया है, उनमे हैं - रामपुर, हिंगलो, कपिष्ठा, गणपुर, भरकाटा और सेकेंड़ा। इन सभी नेताओं ने पार्टी की कोर कमेटी के चेयरपर्सन एवं रामपुरहाट से विधायक आशीष बंद्योपाध्याय के खिलाफ नाराज़गी जताते हुए उन्हें इस्तीफा सौंपा है।

अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि आशीष बंद्योपाध्याय क्षेत्र में सक्रिय नहीं हैं और विकास के नाम पर कुछ खास नहीं हो रहा। इस निष्क्रियता को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटनाक्रम तृणमूल कांग्रेस के लिए आगामी चुनाव से पहले एक गंभीर चेतावनी है। यदि पार्टी जल्द ही आंतरिक मतभेदों को सुलझाने में विफल रहती है, तो इसका असर चुनावी प्रदर्शन पर पड़ सकता है।

फिलहाल तृणमूल नेतृत्व की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर पार्टी में बेचैनी साफ दिखाई दे रही है।

# झाड़ग्राम में ट्रेन की चपेट में आने से तीन हाथियों की मौत

**झाड़ग्राम :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले में बांसतला रेलवे स्टेशन के पास एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर तीन हाथियों की जान चली गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना गुरुवार की रात को उस समय घटी जब हाथियों का एक झुंड वहां से गुजर रहा था। उसने बताया कि हाथियों का झुंड संभवतः झारखंड के दलमा जंगल से आया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि खड़गपुर-टाटानगर सेक्शन पर तेज गति से आ रही जनशताब्दी एक्सप्रेस ने तीन हाथियों को पटरी पर कुचल दिया। उन्होंने बताया कि उस इलाके से 30 हाथियों का झुंड गुजरने के कारण कुछ समय तक मृत हाथियों के पास तक जाना मुश्किल हो गया था। मुख्य वन संरक्षक एस कुलंदैवे ने बताया कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी और



रेलवे को झुंड की आवाजाही से तीन घंटे पहले सूचित करने के बावजूद, इस त्रासदी को टाला नहीं जा सका। उन्होंने कहा कि झारखंड के दलमा वन क्षेत्र से पश्चिम बंगाल के इस हिस्से में आने वाले हाथियों के झुंडों का यह सामान्य गलियारा है और मानक प्रोटोकॉल के अनुसार, वन और रेलवे अधिकारियों का एक समूह स्थिति पर नजर रखता है ताकि कोई दुर्घटना न हो। प्रभागीय वन अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और हम ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

# उत्तर बंगाल एक्सप्रेस ट्रेन से 110 किलो गांजा बरामद, 10 गिरफ्तार

**❑ दक्षिणेश्वर थाने ने की कार्रवाई, जब्त गांजे की कीमत करीब 11 लाख रुपये**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर बंगाल एक्सप्रेस ट्रेन में गांजे की तस्करी का पुलिस ने छापेमारी कर भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कुल 110 किलो गांजा बरामद किया गया। साथ ही, इस घटना में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जब्त गांजे की कीमत करीब 11 लाख रुपये है। पता चला है कि




उत्तर बंगाल एक्सप्रेस ट्रेन में कथित तौर पर भारी मात्रा में गांजा कोलकाता लाया जा रहा था। पुलिस को इसकी जानकारी एक गुप्त सूत्र से मिली। उत्तर बंगाल एक्सप्रेस के दक्षिणेश्वर स्टेशन पहुंचते ही तलाशी अभियान शुरू हो गया। उसी समय आठ महिलाएं और दो पुरुष ट्रेन से उतरकर सड़क पर टहलने लगे। शक होने पर दक्षिणेश्वर थाने की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार लोगों के पास से कई पैकेट बरामद किए गए। जब पैकेट खोले गए तो पता चला कि अंदर गांजा है। इसके बाद, 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बैद्यबाटी नगरपालिका को मिला राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार, देशभर में पहला स्थान प्राप्त

**❑ बैद्यबाटी नगरपालिका का अगला लक्ष्य जीएसपी-7 रेटिंग : पिंटू महतो**

**हुगली :** बैद्यबाटी नगरपालिका ने वर्ष 2024-25 के स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार में देशभर की लगभग 5,000 नगरपालिकाओं के बीच राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सम्मान भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर बैद्यबाटी नगरपालिका के चेयरमैन पिंटू महतो को केंद्रीय नगर विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर, स्वच्छ भारत मिशन (अर्बन) की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा तथा मंत्रालय के सचिव आर. के. श्रीनिवासन की उपस्थिति में यह पुरस्कार सौंपा गया। इस सम्मानजनक क्षण में नगरपालिका के वरिष्ठ अधिकारी चंदन महतो सहित कई कर्मचारी भी उपस्थित रहे। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद चेयरमैन पिंटू महतो ने कहा, यह सम्मान न केवल नगरपालिका का है, बल्कि यहां के प्रत्येक नागरिक का है। यह सभी के सहयोग, जागरूकता और कर्मठता का परिणाम है। हम स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाकर और ऊंचाई तक पहुंचाएंगे।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की 117 नगरपालिकाओं



में से बैद्यबाटी नगरपालिका को जीएसपी-1 (गारबेज-फ्री स्टार रेटिंग) के तहत भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। महतो ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य जीएसपी-7 रेटिंग प्राप्त करना है, जिसे प्राप्त करने वाले निकायों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष राज्य की 35 नगरपालिकाओं को गारबेज-फ्री स्टेटस के लिए चयनित किया गया, जिनमें बैद्यबाटी को सर्वोच्च स्थान मिला। महतो ने इस सफलता का श्रेय जनता को देते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में नागरिकों की भागीदारी सराहनीय रही है। यह उपलब्धि न केवल स्थानीय स्वच्छता को मजबूती देगी, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का कारण बनेगी।

# अगर खरगे और राहुल के भाषण से अतिक्रमणकारियों को उकसाया गया तो दोनों के खिलाफ कार्रवाई होगी: हिंमत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि यदि पुलिस को ये पता चलता है कि कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के भाषणों ने पैकन आरक्षित वनक्षेत्र में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए अतिक्रमणकारियों को उकसाया है, तो पुलिस दोनों नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में ''नहीं हिचकिचाएगी।'' शर्मा ने यह भी कहा कि विपक्षी दल अगले साल होने वाला राज्य विधानसभा चुनाव एकमात्र इस एजेंडे के साथ लड़ने की तैयारी कर रहा है कि उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाए। बृहस्पतिवार देर शाम पार्टी की एक बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, शर्मा ने कहा, ''खरगे और गांधी का असम



दौरा कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन अपनी बैठक में उन्होंने अतिक्रमणकारियों और 'भूमि जिहादियों' को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के लिए खुलेआम प्रोत्साहित किया।'' कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने बुधवार को असम का दौरा किया था, जिस दौरान उन्होंने यहां राज्य के शीर्ष पार्टी पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में चर्चा की थी और बाद में गुवाहाटी से 40 किलोमीटर दूर चायगांव में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि दोनों नेताओं के भाषणों ने अतिक्रमणकारियों को ''उकसाया'', जिन्होंने बृहस्पतिवार सुबह ग्वालपाड़ा के पैकन आरक्षित वनक्षेत्र में सुरक्षा बलों पर कथित तौर पर हमला किया, इसके बाद हुई झड़पों में एक नागरिक की मौत हो गई और पुलिसकर्मियों समेत 20 अन्य घायल हो गए।

### असम से 12 अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजा गया

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के दो जिलों से 12 अवैध बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेज दिया गया है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार घुसपैठियों पर शिकंजा कसना जारी रखेगी। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अवैध प्रवासियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया और कछार एवं श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।'' पुलिस कार्रवाई की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ''हम घुसपैठियों पर कोई रहम नहीं करेंगे और अपना कड़ा रुख जारी रखेंगे।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### एनआईए ने भारत विरोधी साजिश में शामिल होने के आरोप में शीर्ष माओवादी नेता के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शुक्रवार को प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) संगठन के एक शीर्ष नेता के खिलाफ भारत विरोधी साजिश के एक मामले में आरोपपत्र दायर किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, हैदराबाद स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दायर पूरक आरोपपत्र में सीपी मोइदीन उर्फ गिरीश पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए की जांच के अनुसार, मोइदीन भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की माओवादी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था।

### तेलंगाना संयंत्र विस्फोट : मृतकों की संख्या बढ़कर 46 हुई

**हैदराबाद :** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा संयंत्र में विस्फोट में घायल हुए एक व्यक्ति की मौत होने से इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। यह जानकारी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को दी। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 30 जून को हुए विस्फोट में घायल हुए एक व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए आठ व्यक्तियों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है और आठ अन्य अभी भी लापता हैं। जिला प्रशासन ने लापता व्यक्तियों के संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को एक रिपोर्ट भेज दी है।

### व्यापारियों से 200 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने वाला ठग गिरफ्तार

**मंगलुरु :** कर्नाटक के मंगलुरु में पुलिस ने एक ऐसे ठग को गिरफ्तार किया है जिस पर अमीर व्यापारियों से 200 करोड़ रुपये से अधिक की रकम ठगने का आरोप है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त सुधीर ने शुक्रवार को यहां बताया कि इस मामले के आरोपी की पहचान रोहन सलढाना के रूप में हुई है जिसे बृहस्पतिवार रात जप्पिनमोगारू के निकट स्थित उसके आलीशान आवास पर एक पार्टी के दौरान हिरासत में लिया गया। इस पार्टी में विदेशी मेहमान भी शामिल थे। सुधीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में 200 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस ठग की गिरफ्तारी एक व्यवसायी द्वारा उसके खिलाफ बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर की गयी।

### हैदराबाद में सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत

**हैदराबाद :** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के आउटर रिंग रोड (ओआरआर) पर शुक्रवार तड़के एक कार ने एक ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा। पुलिस ने बताया कि संभवत: तेज गति के कारण यह हादसा हुआ।

### स्वर्ण मंदिर को उड़ाने की धमकी वाले ईमेल पर फरीदाबाद से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हिरासत में

**अमृतसर :** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को स्वर्ण मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाले पांच ई-मेल भेजने के मामले में फरीदाबाद से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुभम दुबे (24) को पकड़ा गया है और उससे 14 जुलाई को एसजीपीसी को भेजे गए पहले धमकी भरे ई-मेल के संबंध में पूछताछ की जा रही है। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दुबे का लैपटॉप और फोन भी जब्त कर लिया गया है।

## चांदनी चौक इलाके में निर्माण पर रोक के बावजूद एक ईंट भी रखने वालों को गिरफ्तार करें : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने चांदनी चौक क्षेत्र में अदालत की रोक के बावजूद अनधिकृत निर्माण होने की कड़ी आलोचना की और दिल्ली पुलिस से कहा कि ''एक ईंट भी रखने वाले'' व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को क्षेत्र में गश्ती दल तैनात करने और अनधिकृत निर्माण को तत्काल रोकने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, ''पुलिस आयुक्त क्षेत्र में गश्त के लिए पुलिस दल तैनात करना जारी रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा पारित सभी तोड़फोड़ आदेशों का सावधानीपूर्वक पालन किया जाए जिन पर अदालतों ने रोक नहीं लगायी है। जहां अवैध/अनधिकृत निर्माण हो रहे हैं, ऐसी संपत्तियों को तत्काल सील किया जाए।''

## टाटा समूह ने विमान हादसे के पीड़ितों के लिए 500 करोड़ रुपये का ट्रस्ट स्थापित किया

**नयी दिल्ली :** टाटा समूह ने पिछले महीने अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों के लिए 500 करोड़ रुपये का 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' स्थापित करने की शुक्रवार को घोषणा की। इस हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई थी। 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' का पंजीकरण मुंबई में एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में कराया गया है। टाटा संस और टाटा ट्रस्ट ने परोपकारी उद्देश्यों के लिए स्थापित इस ट्रस्ट को 250-250 करोड़ रुपये का योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई है। टाटा संस ने एक बयान में कहा, ''यह ट्रस्ट मृतकों के आश्रितों/निकटतम परिजन, घायलों और दुर्घटना से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित सभी लोगों को तत्काल एवं निरंतर सहायता प्रदान करेगा।'' बयान के मुताबिक, ट्रस्ट घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य करने वाले कर्मियों, चिकित्सा एवं आपदा राहत पेशेवरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सरकारी कर्मचारियों को होने वाले किसी भी आघात या संकट को कम करने के लिए सहायता प्रदान करेगा, जिन्होंने दुर्घटना के बाद अमूल्य संस्थागत सहायता और सेवा प्रदान की थी। बयान के अनुसार, पांच सदस्यीय न्यासी बोर्ड ट्रस्ट का प्रबंधन और प्रशासन करेगा। इसमें कहा गया है कि टाटा समूह के पूर्व दिग्गज एस पद्मनाभन और टाटा संस के जनरल काउंसल सिद्धार्थ शर्मा को ट्रस्ट का न्यासी बनाया गया है, जबकि तीन अन्य न्यासियों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

## नकदी बरामदगी मामला: न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने जांच रिपोर्ट के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया

**नयी दिल्ली :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने आंतरिक जांच समिति की उस रिपोर्ट को अमान्य ठहराने का अनुरोध करने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में कदाचार का दोषी पाया गया है। वर्मा ने तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा 8 मई को की गई, संसद से उनके खिलाफ महाभियोग चलाने का आग्रह करने वाली सिफारिश को रद्द करने की मांग की है। सरकार 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में वर्मा को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने की योजना बना रही है। अपनी याचिका में, न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि जांच ने 'साक्ष्य प्रस्तुत करने की उस जिम्मेदारी को उलट दिया', जिससे उन्हें अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करनी है और उन्हें गलत साबित करना है। न्यायमूर्ति वर्मा ने आरोप लगाया कि समिति के निष्कर्ष एक पूर्वकल्पित कहानी पर आधारित थे। याचिका में तर्क दिया गया है कि जांच समिति ने उन्हें पूर्ण और निष्पक्ष सुनवाई का अवसर दिए बिना ही प्रतिकूल निष्कर्ष निकाले। याचिका को अभी सुनवाई के लिए किसी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना है।

## राहुल पाक का विमर्श दोहरा रहे हैं, काश वह अधिक परिपक्व होते और मोदी की बराबरी कर पाते: रीजीजू

**नयी दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ में पाकिस्तान का विमर्श दोहराने का आरोप लगाया और कहा, ''काश वह (गांधी) अधिक परिपक्व और बौद्धिक होते तो कम से कम संसद में मुद्दे उठाते समय हमारे नेता की बराबरी कर पाते।'' सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले रीजीजू ने 'पीटीआई' के साथ साक्षात्कार में कहा कि सरकार नियमों के अनुसार किसी भी मुद्दे पर बहस के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष पर ''सारी मांगें मनवाने'' की जिद करके ''संसद में हावी'' होने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 21 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र के लिए सरकार के पास



पर्याप्त विधायी कार्य हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने शुरू में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सरकार का समर्थन किया था, लेकिन बाद में उन्होंने संघर्ष पर पाकिस्तानी विमर्श को दोहराना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, ''यदि हमारे विपक्ष के नेता हमारे दुश्मन देश का समर्थन कर रहे हैं, जिससे हमारे राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंच रहा है, तो हम इसे किस तरह लें? आंतरिक रूप से, हमारे बीच हर तरह की असहमति हो सकती है, क्योंकि लोकतंत्र की यही प्रकृति है... लेकिन बाहर आप दूसरे देश के विमर्श को प्रसारित कर रहे हैं। यह ऐसी बात है जो हमें अस्वीकार्य है।'' मंत्री ने कहा कि गांधी यह तर्क दे सकते हैं कि विपक्ष के नेता के रूप में उनका काम सरकार की आलोचना करना है, लेकिन वह 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए विमर्श को ही दोहरा रहे हैं। रीजीजू ने कहा कि शुरुआत में, राहुल गांधी सरकार पर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव डाल रहे थे, फिर उन्होंने तनाव कम करने का आह्वान किया और बाद में जानना चाहा कि संघर्ष के दौरान भारत ने कितने विमान खो दिए।

## महानिदेशक आरडीएसओ का आरेडिका और फोर्ज्ड व्हील प्लांट रायबरेली दौरा

**रायबरेली, समाज्ञा :** अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ के महानिदेशक उदय बोरवणकर ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) और फोर्ज्ड व्हील प्लांट का दौरा



किया। इस दौरान उन्होंने कोच और पहियों के निर्माण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की और महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। महानिदेशक ने शेल शॉप, बोगी शॉप, व्हील शॉप, फर्निशिंग शॉप और फोर्ज्ड व्हील प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने वेल्डिंग की गुणवत्ता, मशीनों की कार्यक्षमता और निर्माण प्रक्रियाओं का भी अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने आरेडिका के प्रशांति परिसर का दौरा कर पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों जैसे - वर्षा जल संरक्षण, जल संचयन और मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण की सराहना की। इस अवसर पर पीएफए बी.एल. मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरेडिका में तीन दिवसीय राजभाषा प्रतियोगिता संपन्न

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में राजभाषा विभाग द्वारा तीन दिवसीय राजभाषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सुरक्षा



आयुक्त श्री रमेश चन्द के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, और वाक् प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। आरेडिका के कई कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने प्रतिभागियों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागियों के नाम रेलवे बोर्ड स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेजे जाएंगे। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रचार-प्रसार में सहायक होते हैं। इस अवसर पर श्री रमेश चन्द, श्री नन्द किशोर वर्मा, श्री राधे श्याम बीका, श्री राजेश कुमार, श्री अशोक कुमार और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वैष्णव ने मुंबई में पहले आईआईसीटी परिसर का उद्घाटन किया; भविष्य में ऐसे और संस्थान खोलने का वाद

**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) के पहले परिसर का शुक्रवार को यहां उद्घाटन किया और कहा कि भविष्य में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) की तर्ज पर ऐसे और संस्थान बनाए जाएंगे। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के अहाते में आईआईसीटी के प्रथम परिसर के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि संस्थान ने वीएफएक्स, गेमिंग और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) के क्षेत्र में उद्योग-केंद्रित प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने के लिए गूगल, मेटा, एनवीआईडीआईए,



माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, एडोब और डब्ल्यूपीपी के साथ साझेदारी की है। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार मुंबई को रचनात्मक अर्थव्यवस्था की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालयों का कार्यभार संभाल रहे वैष्णव ने कहा कि चार विश्वविद्यालयों के साथ गठजोड़ की प्रक्रिया जारी है, जबकि यॉर्क विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता पहले किया जा चुका है।

## एसआईआर: बिहार के 41 लाख मतदाताओं के फॉर्म अभी तक निर्वाचन आयोग को वापस नहीं मिले हैं

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को कहा कि वह बिहार के उन मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तर के एजेंट के साथ साझा कर रहा है, जिनकी संभवतः मृत्यु हो गई है या जो स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और जिन्होंने कई स्थानों पर नामांकन कराया है, ताकि 25 जुलाई से पहले ऐसे व्यक्तियों की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके। राज्य की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जारी रहने के बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा कि नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अब तक 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.48 करोड़ से अधिक (94.68 प्रतिशत) मतदाताओं तक पहुंचा जा चुका है। इसने कहा कि शुक्रवार तक लगभग 36.87 लाख मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, जबकि 41 लाख से अधिक या 5.2 प्रतिशत मतदाताओं ने अभी तक गणना फार्म (ईएफ) वापस नहीं किए हैं। इसने कहा कि ऐसे मतदाताओं की सूची, जिनकी संभवत: मृत्यु हो चुकी हैं, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं, एक से अधिक स्थानों पर नामांकन करा चुके हैं या बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के कई दौरों के बाद भी ईएफ वापस नहीं किए हैं, अब राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनके 1.5 लाख बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) के साथ साझा की जा रही है, ताकि 25 जुलाई से पहले ऐसे प्रत्येक मतदाता की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके।

## लालू प्रसाद के खिलाफ निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगाने से न्यायालय का इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सीबीआई के जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी रद्द करने की उनकी याचिका पर सुनवाई में तेजी लाने को कहा। शीर्ष अदालत ने मामले में यादव को स्वास्थ्य आधार पर निचली अदालत में पेशी से छूट भी प्रदान की। पीठ ने कहा, ''मामले के तथ्य और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, हम आगे यह आदेश पारित करने के लिए इच्छुक हैं कि वह चाहें तो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हों। हम उच्च न्यायालय से सुनवाई में तेजी लाने का आग्रह करते हैं।'' राजद अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत कोई पूर्वानुमति नहीं ली है।

## वाड्रा के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और राजनीति से प्रेरित कार्रवाई, उनके साथ खड़ा हूं : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे से जुड़े धन शोधन के मामले में रॉबर्ट वाड्रा के



खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने को शुक्रवार को दुर्भावनापूर्ण एवं राजनीति से प्रेरित कार्रवाई करार दिया और कहा कि वह अपने बहनोई और उनके परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आखिरकार सत्य की जीत होगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मेरे बहनोई को पिछले 10 वर्षों से इस सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। यह नवीनतम आरोपपत्र उसी की अगली कड़ी है। उन्होंने कहा, मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूं क्योंकि वे दुर्भावनापूर्ण, राजनीति से प्रेरित बदनामी और उत्पीड़न के एक और हमले का सामना कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, मैं जानता हूं कि वे सभी किसी भी तरह के उत्पीड़न का सामना करने का साहस रखते हैं और वे सम्मान के साथ ऐसा करना जारी रखेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि आखिरकार सत्य की विजय होगी।

## छांगुर बाबा और उनके सहयोगियों को विदेश से 60 करोड़ रुपये की धनराशि मिली: ईडी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसे पता चला है कि उत्तर प्रदेश में कथित अवैध धर्मांतरण गिरोह से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जांच के घेरे में आए छांगुर बाबा को 22 बैंक खातों में 60 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई थी। इसमें विदेश से प्राप्त हुई बड़ी धनराशि भी शामिल है। संघीय जांच एजेंसी ने छांगुर बाबा के पैतृक जिले बलरामपुर में एक दर्जन से अधिक ठिकानों और मुंबई में दो जगहों पर छापेमारी पूरी करने के बाद एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। ये छापे बृहस्पतिवार को मारे गए। छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन उर्फ करीमुल्ला शाह के खिलाफ धन शोधन का मामला हाल ही में उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा लखनऊ के गोमती नगर स्थित एक पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। छांगुर बाबा, उसके बेटे महबूब और उसके कथित सहयोगियों नवीन रोहरा उर्फ जमालुद्दीन और नीतू उर्फ नसरीन को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। वे वर्तमान में जेल में बंद हैं। एटीएस की शिकायत में गैरकानूनी धर्मांतरण, विदेशी धन के उपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों से जुड़ी एक 'बड़े पैमाने' की साजिश का आरोप लगाया गया है। छांगुर बाबा और उनके सहयोगियों पर बलरामपुर स्थित चांद औलिया दरगाह परिसर से संचालित एक व्यापक गिरोह स्थापित करने का आरोप है, जहां वे नियमित रूप से भारतीय और विदेशी नागरिकों की बड़ी सभाओं का आयोजन करते थे। ईडी ने कहा, ''उस पर अन्य धर्मों के लोगों, खासकर अनुसूचित जातियों और हिंदू धर्म से जुड़े आर्थिक रूप से वंचित लोगों को धर्मांतरण के लिए व्यवस्थित रूप से प्रेरित करने, मजबूर करने और उनके साथ छल करने का आरोप है।''

## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया । पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों के संयुक्त दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर भेजा गया था। सुंदरराज ने बताया कि अभियान के दौरान आज दोपहर से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है।

## मुगलों के अत्याचार के खिलाफ सिख गुरुओं के संघर्ष, भुला दिये गए नायकों का एनसीईआरटी पुस्तक में उल्लेख

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में प्रतिरोध और जीवटता की कहानियां, जैसे कि मराठों का उदय, ताराबाई और अहिल्याबाई होलकर जैसी महिलाओं का योगदान, मुगलों के अत्याचार की सिख गुरुओं द्वारा अवज्ञा और आदिवासी विद्रोह को प्रमुखता से जगह दी गई है। इस सप्ताह प्रकाशित पुस्तक, ''एक्सप्लोरिंग सोसाइटी: इंडिया एंड बियॉन्ड'', एनसीईआरटी के नये पाठ्यक्रम की पहली पुस्तक भी है जो छात्रों को दिल्ली सल्तनत, मुगलों, मराठों और औपनिवेशिक काल से



परिचित कराती है। पुस्तक में रानी दुर्गावती, रानी अबक्का और त्रावणकोर के मार्तंड वर्मा जैसे भुला दिये गए नायकों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। साथ ही, भारत की सांस्कृतिक ज्ञान परंपराओं और इसकी समृद्ध कौशल विरासत की खोज करने वाले अध्याय भी हैं। पुस्तक के आरंभ में ''इतिहास के कुछ अंधकारमय कालखंडों पर टिप्पणी'' शीर्षक वाला एक खंड है, जिसमें एनसीईआरटी संवेदनशील और हिंसक घटनाओं, मुख्यतः युद्ध और रक्तपात, को शामिल करने के लिए संदर्भ प्रस्तुत करता है। यह छात्रों से ''क्रूर हिंसा, अपमानजनक कुशासन या सत्ता की अनुचित महत्वाकांक्षाओं के ऐतिहासिक मूल'' को निष्पक्षता से समझने का आग्रह करता है और कहता है, ''अतीत की घटनाओं के लिए वर्तमान में किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।'' नयी पुस्तक में, 13वीं से 17वीं शताब्दी तक के भारतीय इतिहास को शामिल करने वाला अध्याय - ''भारत के राजनीतिक मानचित्र का पुनर्निर्माण'' - दिल्ली सल्तनत के उत्थान और पतन और उसके प्रतिरोध, विजयनगर साम्राज्य, मुगलों और उनके प्रतिरोध, और सिखों के उदय पर प्रकाश डालता है। बाबर को एक ''क्रूर और निर्दयी विजेता, जिसने शहरों की पूरी आबादी का कत्लेआम किया'' और औरंगज़ेब को एक सैन्य शासक, जिसने मंदिरों और गुरुद्वारों को नष्ट किया, बताते हुए एनसीईआरटी की नयी पाठ्यपुस्तक मुगल काल के दौरान ''धार्मिक असहिष्णुता के कई उदाहरणों'' की ओर इशारा करती है।

## हिमाचल प्रदेश: भारी बारिश के कारण 250 सड़कें बंद, मौसम विभाग ने जारी किया 'ऑरेंज' अलर्ट

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में हो रही भारी बारिश के कारण 250 सड़कें बंद हो गई हैं और स्थानीय मौसम विभाग ने राज्य के अलग-अलग इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि आपदा प्रभावित मंडी में कुल 181 सड़कें, सिरमौर में 26 और कुल्लू जिले में 23 सड़कें बंद हैं जबकि शुक्रवार सुबह तक 61 जलापूर्ति योजनाएं और बिजली के 81 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने 21 और 23 जुलाई को हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है और रविवार तक



राज्य के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'येलो' अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए चार रंगों का उपयोग करता है। ये रंग और इनके संदेश.... ग्रीन (किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं), येलो (नजर रखें और निगरानी करते रहें), ऑरेंज (तैयार रहें) और रेड (कार्रवाई/सहायता की जरूरत) हैं। बृहस्पतिवार शाम को राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। जोगिंदरनगर में 40 मिमी, सराहन में 38 मिमी, जट्टन बैराज में 28.6 मिमी, कोठी में 28.4 मिमी, शिलारू में 26.4 मिमी, मुरारी देवी में 26 मिमी, और नारकंडा तथा जोत में 23-23 मिमी बारिश हुई।

## बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप : भारत ने श्रीलंका पर 110-69 से जीत के साथ अभियान की शुरुआत की



**सोलो (इंडोनेशिया) :** भारत ने शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका को 110-69 से हराकर सकारात्मक तरीके से अपना अभियान शुरू किया। विष्णु कोडे और रेशिका यू की मिश्रित युगल जोड़ी ने 'रिले प्वाइंट प्रणाली' में केनेथ अरुगोडा और इसुरी अट्टानायके पर 11-5 से जीत के साथ भारत की बढ़त की शुरुआत की। इस प्रणाली में एक टीम को मैच जीतने के लिए 110 अंक हासिल करने होते हैं। इसके बाद गायत्री और मनसा रावत बहनों की जोड़ी ने अट्टानायके और सिथुमी डिसिल्वा के खिलाफ भारत की बढ़त को 22-14 तक पहुंचाया और फिर जूनियर विश्व नंबर एक तन्वी शर्मा ने सिथुली रणसिंघे के खिलाफ शानदार शुरुआत करते हुए भारत का स्कोर 33-21 कर दिया। भारत का एक भी एकल खिलाड़ी या जोड़ी 11 अंक वाली रिले स्पर्धा में नहीं हारी। इससे मैच के आधे समय तक भारत की टीम ने 55-31 की बढ़त को जारी रखते हुए, अंत में मुकाबला जीत लिया। भारत अब शनिवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा जिसके बाद रविवार को उसका सामना हांगकांग चीन से होगा जिससे यह तय हो सकता है कि ग्रुप तालिका में शीर्ष पर कौन रहेगा। भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में कांस्य पदक जीतकर किया था। पिछले साल भारत क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से 2-3 से हारकर पदक से चूक गया था। इस टूर्नामेंट में 17 टीमें हैं जिन्हें चार ग्रुपों में विभाजित किया गया है (तीन ग्रुप में तीन-तीन टीमें हैं जबकि एक ग्रुप में पांच टीमें हैं)।

# सरकार 2036 ओलंपिक की तैयारी कर रही, पदक तालिका में शीर्ष पांच में होगा भारत: शाह

### सरकार 2036 ओलंपिक की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को प्रतिमाह 50,000 रु दे रही



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2036 ओलंपिक की पदक तालिका में भारत के शीर्ष पांच में शामिल होने की उम्मीद जताते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि सरकार लगभग 3,000 खिलाड़ियों को प्रति माह 50,000 रुपये की सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ओलंपिक के लिए एक विस्तृत और व्यवस्थित योजना बना रही है। 21वें 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025' में भाग लेने वाले भारतीय दल के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहा है जबकि उसने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए पहले ही बोली प्रस्तुत कर दी है और फिर एशियाई खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि भारत में इन टूर्नामेंट की मेजबानी का उद्देश्य खेलों को देश के लोगों और पुलिस व अग्निशमन विभाग जैसे विभिन्न वर्गों के जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा बनाना है। शाह ने कहा, 'बड़ी संख्या में नए खेल बुनियादी ढांचे विकसित किए गए हैं। टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) के अंतर्गत लगभग 3,000 खिलाड़ियों को 2036 के ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए 50,000 रुपये की मासिक सहायता प्रदान की जा रही है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में खेलों को बहुत महत्व दिया गया है। शाह ने कहा कि 'फिट इंडिया मूवमेंट' ने एथलीट चयन प्रक्रिया पर भी सकारात्मक प्रभाव डाला है जिसके परिणामस्वरूप ओलंपिक, पैरालंपिक और एशियाई खेलों में जीते गए पदकों की संख्या में तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जीत और हार जीवन चक्र का हिस्सा है लेकिन जीत का लक्ष्य तय करना तथा जीत के लिए योजना बनाना हर किसी का 'स्वभाव' होना चाहिए। जीतना किसी आदत की तरह होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग जीतने की आदत विकसित करते हैं, वे हमेशा असाधारण प्रदर्शन करते हैं।

## ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर



**लंदन:** ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया। महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी द्वारा भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गयी है। आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, ''वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं।' अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

## भारतीय अंडर-31 ब्रिज टीम ने कांस्य पदक जीता, अंडर-16 टीम चौथे स्थान पर रही

**नयी दिल्ली :** भारत की अंडर-31 ब्रिज टीम ने 19वीं विश्व युवा टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जबकि अंडर-16 टीम चौथे स्थान पर रही। इटली के साल्सोमगिओरे में आयोजित टूर्नामेंट के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को दोनों भारतीय टीमें पोडियम स्थान (शीर्ष तीन) हासिल करने की दौड़ में थीं। अंडर-16 टीम दो करीबी सेटों के बाद सेमीफाइनल प्लेऑफ में फ्रांस से हार गई। यह टीम हालांकि इस प्रतियोगिता के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। अंडर-31 टीम ने 'बोर्ड ए मैच' स्पर्धा में 24 प्रतिस्पर्धी टीमों में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। अंडर-16 टीम में प्रखर बंसल, विहा गहरोत्रा, अनन्या मेहता, जशित नारंग, अधियमान जोडिपाचे और अगिलन जोडिपाचे शामिल थे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को छह आईएमपी (अंतरराष्ट्रीय मैच प्वाइंट) से हराया था। भारतीय अंडर-21 और अंडर-26 टीमें शीर्ष आठ में जगह नहीं बना पाईं।

## जैस्मिन ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी के नौवें चरण का खिताब जीता



**होसुर (तमिलनाडु) :** जैस्मिन शेखर ने शुक्रवार को यहां अंतिम दौर में चार अंडर 68 का शानदार कार्ड खेलकर हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के नौवें चरण का खिताब जीत लिया। बैक नाइन में शानदार खेल से जैस्मिन इस सत्र की पांचवीं विजेता बनीं। उन्होंने पहले दो दौर में 67 और 68 के शानदार कार्ड से कुल नौ अंडर का स्कोर बनाया। नेहा त्रिपाठी दो साल में अपना पहला खिताब जीतने की ओर बढ़ रही थीं और अंतिम दौर से पहले तीन शॉट की बढ़त बनाये थी लेकिन 12वें से 16वें होल में हुई परेशानी से जैस्मिन से तीन शॉट से पिछड़ गईं। नेहा का कुल स्कोर छह अंडर 210 था। रिद्धिमा दिलावड़ी ने दिन का सर्वश्रेष्ठ पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह चार अंडर 212 के कुल स्कोर से तीसरे स्थान पर पहुंचने में कामयाब रही। सहर अटवाल (69) तीन अंडर 213 के कुल स्कोर से चौथे स्थान पर रहीं। वाणी कपूर, अमनदीप द्राल और कीर्ति चौहान संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं।

## लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी जुझारू पारी के लिए भारत के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी बने जडेजा



**लंदन :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को अविश्वसनीय जुझारूपन करार दिया जिसके लिए उन्हें टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) का तमगा भी दिया गया। जडेजा 181 गेंदों पर 61 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उनकी इस शानदार पारी के बावजूद भारत तीसरे टेस्ट में 22 रन से हार गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो जारी किया जिसमें गंभीर ने जडेजा की जमकर तारीफ की है। गंभीर ने 'द एमवीपी फीट रवींद्र जडेजा' शीर्षक वाले वीडियो में कहा, 'यह अविश्वसनीय जुझारूपन था। जड्डू की जुझारू पारी वास्तव में शानदार थी।' भारतीय टीम 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और उसके शीर्ष आठ बल्लेबाज 40 ओवर से भी कम समय तक टिक सके। लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जडेजा ने दृढ़ता से काम किया और पुछल्ले बल्लेबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर साहस और धैर्य का शानदार परिचय दिया। बुमराह ने 54 गेंदों का सामना करते हुए पांच रन और सिराज ने 30 गेंदों पर चार रन बनाए।

## डब्ल्यूयूजी: श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली :** तैराक श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में अपने 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' को बेहतर करते हुए जर्मनी में विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के दूसरे दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने नीदरलैंड को हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। बैडमिंटन खिलाड़ियों को हालांकि मिश्रित टीम स्पर्धा हांगकांग के खिलाफ निराशा मिली। दो बार के ओलंपियन 24 साल के श्रीहरि नटराज (24 वर्षीय) ने अपनी हीट में 1:48.22 सेकेंड का समय निकालकर शीर्ष स्थान हासिल किया। बेंगलुरु के इस तैराक ने पिछले महीने सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड 1:48.66 सेकेंड को पीछे छोड़ दिया। नटराज ने कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सायली वानी, तनीषा कोटेचा औरप्रीथा वर्तिकर की भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ग्रुप पांच में नीदरलैंड पर 3-1 से जीत दर्ज की तो वहीं देवर्ष वाघेला, अयाज मुराद औरहरकुंवर सिंह की पुरुष टीम ने कोलंबिया को 3-2 से शिकस्त दी।पुरुष टीम के सामने अब अंतिम 16 में चीन की चुनौती होगी। बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत ने हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ ग्रुप एफ में कड़ा संघर्ष किया। टीम को हालांकि 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले बृहस्पतिवार को इस भारतीय टीम ने मकाऊ को 5-0 से हराया था। टेनिस के महिला एकल में अंजलि राठी औरवैष्णवी अडकर ने अंतिम 32 में जगह बनाई। अंजलिने युगांडा की क्रिस्टियाना ओवोमुहांगी को 6-0, 6-0 से जबकि वैष्णवी ने नीदरलैंड की जोलीन मारिया जेनिया गील्स को 6-1, 6-0 से शकस्त दी।

## ईस्ट बंगाल ने तीन विदेशी खिलाड़ियों से करार किया

**कोलकाता :** इंडियन सुपर लीग क्लब ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को ब्राजील के मिगुएल फिगुएरा, फलस्तीन के मोहम्मद राशिद और अर्जेंटीना के डिफेंडर केविन सिबिल के साथ करार की घोषणा की। लंबे कद के मिडफील्डर फिगुएरा बांग्लादेश के बशुंधरा किंग्स से जुड़े हुए थे जिसके साथ उनका कार्यकाल काफी सफल रहा जिसमें उन्होंने 2021-24 तक लगातार तीन बांग्लादेश प्रीमियर लीग खिताब और लगातार दो इंडिपेंडेंस कप (2022-24) जीते। बशुंधरा में शामिल होने से पहले वह ब्राजीलियाई सीरी बी क्लब गोइयास ईसी में थे जिसमें उन्होंने 64 मैच में 37 गोल दागे थे। राशिद ने अपने देश को पिछले साल एएफसी एशियाई कप के राउंड 16 में पहुंचाने में मदद की। वहीं सिबिल इससे पहले स्पेन के क्लब एसडी पोंफेराडिना से जुड़े हुए थे।




## एसबीआई की वृद्धि रणनीति के केंद्र में ग्राहक अनुभवः चेयरमैन



**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने शुक्रवार को कहा कि ग्राहक अनुभव बैंक की वृद्धि रणनीति का केंद्रीय आधार बना हुआ है। शेट्टी ने यह टिप्पणी ऐसे समय की जब देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई को वर्ष 2025 के लिए 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक' चुना गया है। एसबीआई ने एक बयान में कहा कि उसे यह पुरस्कार 'ग्लोबल फाइनेंस' पत्रिका की तरफ से दिया जाएगा। दुनिया भर की कंपनियों के वित्त अधिकारियों, विश्लेषकों और बैंक अधिकारियों के विचारों पर आधारित व्यापक शोध एवं विश्लेषण के आधार पर बैंक को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह सम्मान 18 अक्टूबर, 2025 को वॉशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान एसबीआई चेयरमैन को प्रदान किया जाएगा। शेट्टी ने इस बयान में कहा, ग्राहक अनुभव हमारी वृद्धि रणनीति का केंद्रीय पहलू है। ग्राहक जुड़ाव को आसान बनाना, स्थानीय भाषाओं में वॉयस बैंकिंग सुविधा देना और 24 घंटे डिजिटल सहायता उपलब्ध कराना हमारे समावेशी बैंकिंग दृष्टिकोण का हिस्सा है। खासकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए यह अहम है। उन्होंने कहा कि बैंक कृत्रिम मेधा (एआई) से समर्थित अत्यधिक व्यक्तिगत सेवाओं और एकीकृत रणनीति के जरिये ग्राहकों से जुड़ाव को और गहरा कर रहा है।

# बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 501 अंक लुढ़का, निफ्टी 25,000 के नीचे उतरा



**मुंबई :** तिमाही नतीजों की घोषणा की सुस्त शुरुआत के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 501 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 25,000 के स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 501.51 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 81,757.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 651.11 अंक गिरकर 81,608.13 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 143.05 अंक यानी 0.57 प्रतिशत गिरकर एक महीने के निचले स्तर 24,968.40 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि एक्सिस बैंक के तिमाही नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहने से निवेशकों ने बैंक शेयरों को लेकर सतर्क रुख अपना लिया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक के शेयर में सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जून तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत घटकर 6,243.72 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा कि एक्सिस बैंक के नवीनतम वित्तीय परिणाम बाजार की उम्मीदों से कम रहे। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन और इटर्नल के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक और इन्फोसिस के शेयर लाभ में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 3,694.31 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## न्यूज अपडेट

### चांदी का वायदा भाव 911 रुपये बढ़कर 1,13,245 रुपये प्रति किलोग्राम पर

**नयी दिल्ली :** प्रतिभागियों द्वारा अपने सौदे बढ़ाने से शुक्रवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 911 रुपये बढ़कर 1,13,245 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में सितंबर डिलीवरी के लिए चांदी अनुबंध की कीमत 911 रुपये या 0.81 प्रतिशत बढ़कर 1,13,245 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 18,030 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि प्रतिभागियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली से चांदी की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में चांदी 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

### कर विभाग ने आईटीआर-दो दाखिल करने के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की

**नयी दिल्ली :** कर योग्य पूंजीगत लाभ आय वाले व्यक्ति और हिंदू अविभाजित परिवार अब वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न आईटीआर-2 दाखिल कर सकते हैं। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'आईटीआर-2 आयकर रिटर्न फॉर्म अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर पहले से भरे हुए आंकड़ों के साथ ऑनलाइन माध्यम से दाखिल किए जा सकते हैं।' आईटीआर-2 उन व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) द्वारा दाखिल किये जाते हैं, जिन्हें पूंजीगत लाभ से आय होती है, लेकिन व्यवसाय या पेशे से कोई आय नहीं होती है। पिछले महीने, कर विभाग ने आईटीआर-1 और आईटीआर-4 दाखिल करने के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की थी, जो छोटे और मझोले करदाताओं के लिए सरल फॉर्म हैं। सरकार ने पहले ही उन व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा आकलन वर्ष 2025-26 (वित्त वर्ष 2024-25) के लिए आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है, जिन्हें अपने खातों का ऑडिट नहीं कराना है।

### जियो प्लेटफॉर्म्स का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 7,110 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार एवं डिजिटल इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स ने शुक्रवार को कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर 7,110 करोड़ रुपये हो गया। मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने तिमाही नतीजे जारी करते हुए बताया कि जियो प्लेटफॉर्म्स का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही का सकल राजस्व सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 41,054 करोड़ रुपये हो गया। जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज के दूरसंचार और डिजिटल व्यवसाय शामिल हैं।

### रिलायंस का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 78 प्रतिशत उछलकर 26,994 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली :** रिलायंस इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ अप्रैल-जून तिमाही में 78.3 प्रतिशत उछलकर 26,994 करोड़ रुपये हो गया जो इसका अबतक का सर्वाधिक तिमाही लाभ है। उपभोक्ता कारोबारों एवं निवेश बिक्री के शानदार प्रदर्शन से कंपनी का लाभ बढ़ा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना देते हुए कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ अप्रैल-जून 2025 में 26,994 करोड़ रुपये यानी 19.95 रुपये प्रति शेयर रहा, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 15,138 करोड़ रुपये था। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे मूल्यवान कंपनी आरआईएल का शुद्ध लाभ तिमाही आधार पर 39 प्रतिशत अधिक रहा। कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही में 19,407 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

## अदाणी समूह एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस से बाहर निकली, अपनी बाकी 10.42 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह ने शुक्रवार को एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस (जिसे पहले अदाणी विल्मर के नाम से जाना जाता था) में अपनी बाकी 10.42 प्रतिशत हिस्सेदारी 3,732 करोड़ रुपये में बेच दी। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार यह सौदा खुले बाजार में लेनदेन के जरिये हुआ। बीएसई पर थोक सौदों के आंकड़ों के अनुसार अदाणी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अदाणी कमोडिटीज एलएलपी (एसीएल) ने शुक्रवार को 11 किस्तों में कुल 13,54,82,400 इक्विटी शेयर बेचे, जो एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में 10.42 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इस लेनदेन का कुल मूल्य लगभग 3,732.54 करोड़ रुपये था और यह सौदा औसतन 275.50 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर हुआ।

## अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में भारत को सतर्क रहने, सूझबूझ से काम करने की जरूरत: रघुराम राजन



**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत के दौरान भारत को खासकर कृषि क्षेत्र को लेकर 'बहुत सतर्क' रहने और 'सूझबूझ' के साथ काम करने की जरूरत है। राजन ने पीटीआई-वीडियो से बातचीत में कहा कि विकसित देश कृषि क्षेत्र को काफी सब्सिडी देते हैं और यह हमें ध्यान रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर फिलहाल छह-सात प्रतिशत के दायरे में स्थिर हो गई है। हालांकि वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के चलते इसमें थोड़ी गिरावट हो सकती है। राजन ने कहा, ''कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यापार समझौते काफी जटिल हो जाते हैं क्योंकि हर देश अपने उत्पादकों को सब्सिडी देता है। भारत के उत्पादक अपेक्षाकृत छोटे हैं और उन्हें कम सब्सिडी मिलती है। ऐसे में यदि कृषि उत्पादों का निर्बाध आयात होने लगे तो इससे हमारे किसानों को नुकसान हो सकता है।' भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर इस सप्ताह वाशिंगटन में पांचवें दौर की बातचीत हुई है। भारत अमेरिकी प्रशासन की तरफ से अप्रैल में घोषित 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क को हटाए जाने की मांग कर रहा है। इसके अलावा भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम पर लगे 50 प्रतिशत और वाहनों पर 25 प्रतिशत शुल्क से राहत देने की मांग रखी गई है।

## उत्तराखंड में वैश्विक निवेशक सम्मेलन के बाद एक लाख करोड़ के निवेश वाली परियोजनाओं पर काम शुरू



**देहरादून :** उत्तराखंड में करीब डेढ़ साल पहले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के साथ हुए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के तहत प्रदेश में अब तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हकीकत रूप ले चुका है। राज्य इस उल्लेखनीय उपलब्धि को लेकर शनिवार को रुद्रपुर में निवेश उत्सव आयोजित कर रहा है। उधमसिंह नगर जिले के मुख्यालय में स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाले एक दिवसीय 'उत्तराखंड निवेश उत्सव' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित नए उद्योगों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। देश में पहली बार किसी राज्य सरकार द्वारा निवेश की असल स्थिति को जनता के सामने रखने के लिए इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को रुद्रपुर पहुंचकर उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को सभी इंतजाम पुख्ता रखने को कहा। धामी ने कहा, निवेशक सम्मेलन के दौरान उद्योग समूहों के साथ हुए निवेश संबंधित समझौते अब तेजी से धरातल पर उतर रहे हैं। इससे उत्तराखंड में रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। हम उद्योग स्थापित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। मजबूत आधारभूत सुविधाएं, शांत वातावरण से उत्तराखंड निवेशकों की पसंद बनकर उभरा है।

## आयकर विभाग ने कर रिफंड के लिए फर्जी ईमेल के प्रति जनता को आगाह किया

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने शुक्रवार को जनता को कर रिफंड से संबंधित फर्जी ईमेल के प्रति आगाह किया और लोगों से संदिग्ध वेब लिंक पर क्लिक न करने को कहा। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि वह ईमेल के जरिए कभी भी करदाता से बैंक विवरण या व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगता। उसने करदाताओं को सलाह दी कि वे रिफंड की स्थिति केवल आधिकारिक वेबसाइट (इनकमटैक्स.जीओवी.इन) पर ही सत्यापित करें। आयकर विभाग ने कहा, आयकर रिफंड के बारे में फर्जी ईमेल चेतावनी! 'आयकर रिफंड के बारे में एक ईमेल प्राप्त हुआ है जिसके लिए तत्काल 'मैन्युअल पुष्टि' की आवश्यकता है।' यह एक फर्जी ईमेल है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3301 अंक 111, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in